पौष कृष्ण - 12 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 164 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » सोमवार » 08-01-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सबका सम्मान बढ़ा है : योगी

6 ईडी के खिलाफ खुली अराजकता का दुस्साहस कब तक?

7 कियारा आडवाणी ने शेयर किया वेबसीरीज इंडियन पुलिस फोर्स का ट्रेलर






## फर्स्ट टेक

### रोहित और कोहली की भारतीय टी20 टीम में वापसी

**नई दिल्ली/भाषा।** अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की आगामी टी20 श्रृंखला के लिए रविवार को घोषित भारतीय टीम में कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली की वापसी हुई है। इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों ने लगभग 14 महीनों से किसी भी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में हिस्सा नहीं लिया है। समझा जाता है कि दक्षिण अफ्रीका में चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर से मुलाकात के दौरान दोनों ने खुद को इस प्रारूप में राष्ट्रीय टीम के लिए उपलब्ध बताया था। रोहित और विराट ने देश के लिए अपना पिछला टी20 मैच 10 नवंबर 2022 को विश्व कप में खेला था। टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन और रविंद्र जडेजा का नाम नहीं है। भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ 11 जनवरी को मोहाली में पहला मैच खेलेगी। श्रृंखला का दूसरा और तीसरा मैच क्रमश: इंदौर और बेंगलूरु में खेला जाएगा।

### जापान में भूकंप से मरने वालों की संख्या 128 हुई, 195 लापता

**टोक्यो/वार्ता।** जापान के प्रांत इशिकावा में आये भूकंप में मरने वालों की संख्या रविवार को 128 तक पहुंच गई जबकि 195 लोग अब भी लापता हैं। इसके अलावा, भूकंप के कारण इशिकावा में 560 लोगों को चोटें आईं, स्थानीय समयानुसार दोपहर दो बजे तक 195 निवासियों का अभी भी पता नहीं चल पाया है। भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में बचाव अभियान जारी है। इशिकावा प्रान्त के सुजु शहर में शनिवार रात स्थानीय समयानुसार करीब 8:20 बजे एक ढहे हुए घर से मलबे में फंसी 90 साल की एक महिला को बाहर निकाला गया। एक डॉक्टर ने रविवार को कहा कि सोमवार के भूकंप के 124 घंटे बाद बचाई गई बुजुर्ग महिला अब ठीक हो गई है। आपातकालीन बचाव दल के अनुसार, भूकंप के बाद 72 घंटों से अधिक समय तक लोगों को बचाया जाना दुर्लभ है, क्योंकि कहा जाता है कि पहले तीन दिनों के बाद किसी आपदा में जीवित रहने की संभावना काफी कम हो जाती है। प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने रविवार को कहा कि सरकार प्रभावित लोगों को तरजीही उपचार देने के लिए भूकंप को एक निर्दिष्ट आपातकालीन आपदा के रूप में नामित करेगी।

सूर्यास्त 08-01-2024 6:08 बजे | सूर्योदय 09-01-2024 6:44 बजे

| BSE | NSE |
|---|---|
| 72,026.15 | 21,710.80 |
| (+178.58) | (+52.20) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,571 रु. | 73,894 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |



# भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता करना चाहती है पूरी दुनिया : गोयल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/भाषा।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि पूरी दुनिया आज भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) करना चाहती है। भारत के साथ व्यापारिक और राजनयिक संबंधों का विस्तार करना चाहती है।

तमिलनाडु में वैश्विक निवेशक सम्मेलन (जीआईएम) के उद्घाटन समारोह में वाणिज्य एवं कपड़ा मंत्री गोयल ने कहा कि भारत की युवा आबादी से उसे फायदा हुआ है जो दुनिया के लिए ईर्ष्या का विषय बन गया है। उन्होंने देश में महिलाओं के औपचारिक कार्यबल में शामिल होने की वकालत करते हुए कहा, जब महिलाएं काम पर जाएंगी, तो इससे न केवल जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) में बढ़ोतरी होगी बल्कि देश की जीडीपी में दोगुना इजाफा होगा क्योंकि जो काम वे अभी कर रही हैं उसकी जगह प्रौद्योगिकी ले लेगी...'' उन्होंने समझाते हुए कहा, जैसे-जैसे अधिक से अधिक महिलाएं औपचारिक कार्यबल में आएंगी, वे अभी जो काम कर रहे हैं जो दुर्भाग्य से हमारी जीडीपी में प्रतिबिंबित नहीं हो रहा है उसे प्रौद्योगिकी द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा....भारत वॉशिंग मशीन, डिशवॉशर के लिए सबसे बड़ा बाजार बन जाएगा। भारत वस्तुओं और सेवाओं के लिए सबसे बड़ा बाजार बन जाएगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं के नेतृत्व वाला विकास भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

## एलओसी के पास करगिल में

# वायुसेना का सी-130जे परिवहन विमान रात के समय सफलतापूर्वक उतरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय वायुसेना का सी-130जे सुपर हरक्यूलिस परिवहन विमान पहली बार नियंत्रण रेखा (एलओसी) के नजदीक ऊंचाई वाले 'करगिल एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड' पर रात में सफलतापूर्वक उतरा।

सूत्रों ने बताया कि हाल ही में करगिल हवाई पट्टी पर सामरिक परिवहन विमान को रात के समय उतारा जाना रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र में भारतीय वायुसेना की परिचालन क्षमताओं को प्रदर्शित करता है। इस विमान पर गरुड़ कमांडो सवार थे। वायुसेना के विमान पहले भी 'एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड' से उड़ान भर चुके हैं, और यह पहली बार था कि कोई परिवहन विमान रात में इस हवाई पट्टी पर उतरा।

# भारतीय पुलिस को विश्व स्तरीय पुलिस बल के रूप में बदलने की जरुरत : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**जयपुर/एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि वैश्विक प्रोफ़ाइल में सुधार और देश की बढ़ती राष्ट्रीय ताकत के अनुरूप भारतीय पुलिस को वर्ष 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए एक आधुनिक और विश्व स्तरीय पुलिस बल में बदलना चाहिए।

मोदी रविवार को यहां 58वें पुलिस महानिदेशक एवं महानिरीक्षक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नए आपराधिक कानूनों को आपराधिक न्याय प्रणाली में एक आदर्श बदलाव बताते हुए कहा कि ये कानून 'नागरिक पहले, गरिमा पहले और न्याय पहले' की भावना के साथ बनाए गए हैं और पुलिस को अब 'डंडा' के साथ काम करने के बजाय 'डेटा' के साथ काम करने की जरूरत है। उन्होंने पुलिस प्रमुखों से नए कानूनों के पीछे की भावना को समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचाने के लिए कल्पनाशील ढंग से सोचने का आह्वान किया। उन्होंने महिलाओं को उनके अधिकारों और नए कानूनों के तहत उन्हें प्रदान की गई सुरक्षा के बारे में जागरूक करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने पुलिस से महिला सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महिलाएं निडर होकर 'कभी भी और कहीं भी' काम कर सकें। उन्होंने नागरिकों के बीच पुलिस की सकारात्मक छवि को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल देत हुए कहा कि नागरिकों के लिए सकारात्मक जानकारी और संदेश प्रसारित करने के लिए पुलिस स्टेशन स्तर पर सोशल मीडिया का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने प्राकृतिक आपदाओं और आपदा राहत पर अग्रिम जानकारी प्रसारित करने के लिए भी सोशल मीडिया का उपयोग करने का सुझाव दिया। उन्होंने नागरिक-पुलिस संपर्क को मजबूत करने के तरीके के रूप में विभिन्न खेल कार्यक्रम आयोजित करने का भी सुझाव दिया। उन्होंने अधिकारियों से स्थानीय लोगों के साथ बेहतर संपर्क स्थापित करने के लिए सीमावर्ती गांवों में रुकने का भी आग्रह किया क्योंकि ये सीमावर्ती गांव भारत के 'पहले गांव' थे।

### भारत में कोविड-19 के 756 नए मामले

**नई दिल्ली/भाषा।** देश में बीते 24 घंटे के दौरान कोरोना वायरस संक्रमण के 756 नए मामले सामने आए और पांच संक्रमितों की मौत हो गई। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 4,049 हो गई है। मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटे के दौरान केरल और महाराष्ट्र में कोविड-19 के दो-दो मरीजों की मौत हुई जबकि जम्मू-कश्मीर में एक मरीज की मौत हुई। पिछले साल पांच दिसंबर तक दैनिक मामलों की संख्या घटकर दोहरे अंक तक पहुंच गई थी, लेकिन ठंड और वायरस के नए उपस्वरूप 'जेएन.1' के कारण मामलों में तेजी आई है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, पांच दिसंबर के बाद एक दिन में कोविड-19 के सर्वाधिक नए मामलों की संख्या 31 दिसंबर 2023 को 841 दर्ज की गई, जोकि मई 2021 में दर्ज सर्वाधिक मामलों का 0.2 प्रतिशत था।

# देश में 72 प्रतिशत घरों तक पहुंचीं पेयजल सुविधाएं : गजेंद्र सिंह शेखावत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**जोधपुर (राजस्थान)/भाषा।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने रविवार को कहा कि देश के 72 प्रतिशत घरों तक पेयजल सुविधाएं पहुंच चुकी हैं और शेष में दिसंबर 2024 तक पहुंच जाएंगी।

सिंह ने यहां असम से आए पत्रकारों के एक समूह को बताया कि जब 2019 में 'जल जीवन मिशन' शुरू हुआ तो 16 प्रतिशत से कुछ अधिक घरों में ही पेयजल की सुविधा थी। उन्होंने बताया कि योजना का कार्यान्वयन राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है। प्रत्येक राज्य को अलग-अलग भौगोलिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने, हमने राज्य सरकारों के परामर्श से एक दिशा-निर्देश तैयार किया है और योजना का कार्यान्वयन उसी के अनुसार किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि कोविड के दो वर्षों के दौरान तमाम चुनौतियों का सामना करने के बावजूद 72 प्रतिशत घरों तक पेयजल की सुविधाएं पहुंच गई हैं।

सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रतिज्ञा की है कि प्रत्येक घर को पेयजल की सुविधा मिले और ''हम दिसंबर 2024 तक इसे सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं''। उन्होंने कहा कि दिसंबर 2019 में योजना शुरू होने के बाद से राजस्थान ने घरों में पेजयल की आपूर्ति के मामले में बहुत कम प्रगति देखी गई। हालांकि, राज्य सरकार बदलने के साथ उन्होंने उम्मीद जताई कि दिसंबर 2024 तक महत्वपूर्ण प्रगति होगी।

नदियों को जोड़ने के संबंध में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कई राज्यों को या तो बाढ़ की समस्या या सूखे की स्थिति का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा, नदियों को जोड़ना और नदी के प्रवाह को आवश्यकता के अनुसार मोड़ने के लिए एक ग्रिड बनाना पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का सपना था।

## प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी मामला :

# मालदीव ने तीन मंत्रियों को निलंबित किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/माले/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ की गई 'अपमानजनक' टिप्पणियों का मुद्दा भारतीय उच्चायोग द्वारा उठाए जाने के बाद रविवार को मालदीव की सरकार ने अपने तीन उप मंत्रियों को कथित तौर पर निलंबित कर दिया।

इन मंत्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ सोशल मीडिया पर ''अपमानजनक'' टिप्पणियां की थीं। मामले को लेकर द्वीपीय देश के प्रमुख विपक्षी नेताओं ने भी मालदीव सरकार की आलोचना की। इससे पहले, मालदीव सरकार ने टिप्पणियों से खुद को अलग करते हुए इसे संबंधित सांसदों के निजी विचार करार दिया और कहा कि ये (टिप्पणियां) सरकार का आधिकारिक रुख नहीं है।

नई दिल्ली में एक सूत्र ने बताया कि माले में भारतीय उच्चायोग ने आज मालदीव सरकार के समक्ष यह मुद्दा उठाया।

सूत्र ने कहा, ''मालदीव में हमारे उच्चायोग ने आज (मालदीव के) विदेश कार्यालय के समक्ष मालदीव सरकार के कुछ मंत्रियों द्वारा प्रधानमंत्री के संबंध में की गई टिप्पणियों के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया।''

मालदीव के तीन उप मंत्रियों ने मोदी की लक्षद्वीप यात्रा के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर उनकी आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि नयी दिल्ली इस केंद्र शासित प्रदेश को मालदीव के वैकल्पिक पर्यटन स्थल के रूप में पेश करने का प्रयास कर रही है।

मालदीव के स्थानीय मीडिया ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि युवा मंत्रालय में उप मंत्रियों - मालशा शरीफ, मरियम शिउना और अब्दुल्ला महज़ूम माजिद को उनके पदों से निलंबित कर दिया गया है।

यह विवाद ऐसे दिन शुरू हुआ, जब मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्ज़ू एक सप्ताह की चीन यात्रा पर रवाना हुए हैं।

सोशल मीडिया पर कई पोस्ट में दावा किया गया कि कुछ भारतीय मालदीव की अपनी निर्धारित यात्रा रद्द कर रहे हैं। मालदीव के मंत्रियों की अपमानजनक टिप्पणियों की भारत में आलोचना हुई है और कई मशहूर हस्तियों ने 'एक्स' पर लोगों से मालदीव जाने के बजाय घरेलू पर्यटन स्थलों की यात्रा करने का आग्रह किया।

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और अक्षय कुमार तथा महान क्रिकेट खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर जैसी कई मशहूर हस्तियों ने लोगों से ''भारतीय द्वीपों'' और तटीय क्षेत्रों की यात्रा करने की अपील की।

क्रिकेटर हार्दिक पंड्या, पूर्व खिलाड़ी वेंकटेश प्रसाद और वीरेंद्र सहवाग तथा अन्य ने भी मालदीव के तीन मंत्रियों द्वारा की गई ''घृणित'' और ''नस्लवादी'' टिप्पणियों की निंदा की।

# इजराइल ने उत्तरी गाजा में बड़ी लड़ाई के समापन का संकेत दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**यरुशलम/एपी।** हमास के खिलाफ युद्ध के चौथे महीने में प्रवेश करने के साथ इजराइली सेना ने संकेत दिया कि उसने उत्तरी गाजा में बड़ी लड़ाई समाप्त कर ली है और वहां हमास के सैन्य बुनियादी ढांचे को नष्ट करने का काम पूरा कर लिया है। इजराइली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने शनिवार देर रात कहा कि सेना वहां आगे भी फतह करती रहेगी, इजराइल-गाजा सीमा बाड़ पर सुरक्षा को मजबूत करेगी तथा क्षेत्र के मध्य और दक्षिणी हिस्सों पर ध्यान केंद्रित करेगी।

यह घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की इजराइल यात्रा से पहले हुई। ब्लिंकन सहित अमेरिकी अधिकारियों ने बार-बार इजराइल से गाजा में अपने जबरदस्त हवाई और जमीनी हमले को कम करने तथा हमास नेताओं के खिलाफ अधिक लक्षित हमले का आग्रह किया है ताकि फलस्तीनी नागरिकों को होने वाले नुकसान को रोका जा सके।

यह युद्ध दक्षिणी इजराइल पर हमास के सात अक्टूबर के हमले से शुरू हुआ था जिसमें चरमपंथियों ने लगभग 1,200 लोगों की हत्या कर दी थी और लगभग 250 लोगों को बंधक बना लिया था।

हमास नियंत्रित गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजराइल की जवाबी कार्रवाई में 22,700 से अधिक फलस्तीनी मारे गए और 58,000 से अधिक घायल हो गए। स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि मारे गए लोगों में से लगभग दो-तिहाई महिलाएं और नाबालिग थे।

रविवार को दक्षिणी शहर खान यूनिस के नासिर अस्पताल में 12 बच्चों सहित 18 लोगों के शव लाए गए। ये लोग शनिवार देर रात इजराइली हमले में मारे गए थे। खान यूनिस शरणार्थी शिविर में एक घर पर हुए हमले में 50 से अधिक लोग घायल हो गए।

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### बदली फिजां

संन्यासी करते राजनीति,
नेताजी लेंगे अब संन्यास।
अब वो सब होने वाला है,
जो लगता पहले बकवास।
भूल रहे वे तुष्टिकरण को,
जो बनते थे खासमखास।
आज हो रहा है भारत में,
राजनीति का नव विन्यास।



# खेलकूद के साथ मनाया स्नेह मिलन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां श्री सनातन एकता मंच सिंचाणा का 13वां वार्षिक स्नेह मिलन मागड़ी रोड स्थित आईधाम में रविवार को धूमधाम से मनाया गया। सभा का शुभारंभ आईमाता तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित से हुआ। इसके बाद भजन कीर्तन का आयोजन हुआ। महिलाओं और बालक-बालिकाओं का खेलकूद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न बोलियां का लाभ भी लोगों ने लिया। दिन भर चले स्नेह मिलन में गांव के बड़े बुजुर्ग सामाजिक मुद्दों पर चर्चा करने में व्यस्त रहे। युवाओं व बच्चों ने खेलों का आनंद उठाया।

इस अवसर पर मुख्यअतिथि के रूप में वरतूर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष मांगीलाल बर्फा एवं राजस्थान से आए पूनाराम गहलोत का अध्यक्ष पेमाराम पंवार, सचिव मदनलाल चोयल ने साफा पहनाकर स्वागत किया। बोली दानदाताओं का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर घेवरराम, मोहनलाल ढगलाराम मंगाराम खेल मंत्री मुकेश पंवार सहित गणमान्य उपस्थित हुए। सिंचाणा वडेर भवन के लिए अलग से रकम जुटाई गई इस का इस्तेमाल गांव के बडेर में देने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

# पदमचंद बोहरा बने ब्यावर संघ के अध्यक्ष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। यहां श्री ब्यावर संघ की वार्षिक साधारण सभा में पदमचंद बोहरा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। युवा शाखा के अध्यक्ष ललित डाकलिया ने जानकारी देते हुए कहा कि जयनगर में आयोजित स्नेह मिलन और साधारणसभा में महावीर तातेड द्वारा मंगलाचरण के पश्चात कोषाध्यक्ष महेन्द्र भन्साली ने पिछले कार्यकाल का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। जिसे सभा ने पारित किया। सहमंत्री दिनेश तातेड ने कार्यक्रमों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। तत्पश्चात अध्यक्ष पद के एक और दावेदार महेन्द्र भन्साली द्वारा पदमचंद बोहरा के पक्ष में अपना नाम वापस लेने के बाद चुनाव अधिकारी अल्केश बोहरा और अशोक मुथा द्वारा उनके निर्विरोध चयन की घोषणा की गई।

साधारणसभा में वरिष्ठ सलाहकार मोतीलाल डेढिया ने बोहरा के नाम पर सहमति व्यक्त की। आज के सम्पूर्ण कार्यक्रम के लाभार्थी सुनील कुमार महेन्द्र कुमार कोठारी परिवार थे। निवर्तमान अध्यक्ष महेन्द्र कोठारी, महामंत्री सुरेन्द्र भन्साली, पूर्व मंत्री और सलाहकार अरविन्द खिंवसरा, पूर्व अध्यक्ष प्रदीप छाजेड़, युवा अध्यक्ष ललित डाकलिया, उपाध्यक्ष विकास खटोड़, महामंत्री कुलदीप छाजेड़, कोषाध्यक्ष नमित कोठारी, सहमंत्री नरेश बोहरा, सह कोषाध्यक्ष भरत कोठारी के साथ सम्पूर्ण युवा शाखा कार्यकारिणी ने नवनियुक्त अध्यक्ष को बधाई और शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा कि बोहरा के कार्यकाल में संघ उत्तरोत्तर प्रगति करेगा। कार्यक्रम कि संचालन विजय सिंघवी ने किया।



गांधीनगर



राजाजीनगर



टी. दासरहल्ली



राजराजेश्वरीनगर

# सामायिक फेस्टिवल के द्वारा जैन समाज ने की विश्व मैत्री की साधना

## परिषद द्वारा बेंगलूरु में विभिन्न जगह पर अभिनव सामायिक हुई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के निर्देशन में तेरापंथ युवक परिषद बेंगलूरु द्वारा अभिनव सामायिक फेस्टिवल उत्सव विश्व मैत्री का आयोजन किया गया। बेंगलूरु के विभिन्न तेरापंथ संघों में इसका आयोजन किया गया।

उपासक, उपासिका एवं प्रशिक्षिका द्वारा अभिनव सामायिक का प्रयोग करवाया गया। जैन धर्म में सामायिक का विशेष महत्व माना जाता है। सामायिक को समता की साधना और आत्मा को निर्मल करने का महत्वपूर्ण उपक्रम बताया गया है। सामायिक में व्यक्ति 48 मिनट के लिए सारे सांसारिक कार्यों का त्याग कर अध्यात्म साधना में लीन हो जाता है। विश्व मैत्री के भावों से भावित इस आयोजन में जैन समाज के श्रावक श्राविका विश्व मैत्री की मंगलकामना के साथ अभिनव सामायिक की साधना करते है।

गांधीनगर : उपासिका शांति सकलेचा के निर्देशन में गांधीनगर के तेरापंथ भवन में प्रशिक्षिका बबीता चोपड़ा के निर्देशन में चामराजपेट में एवं उपासक विनोद कोठारी के निर्देशन में बनरघट्टा रोड में कुल 84 सामायिक हुई।

टी. दासरहल्ली : अध्यक्ष रमेश डागा के नेतृत्व में टी दासरहल्ली द्वारा अभिनव सामायिक फेस्टिवल उत्सव का आयोजन हुआ। उपासक भंवरलाल मांडोत की उपस्थिति में कुल 85 सामायिक हुई।

राजाजीनगर : यहां के तेरापंथ भवन में अभिनव सामायिक फेस्टिवल उत्सव विश्व मैत्री का का आयोजन किया गया। स्थानक संप्रदाय के साध्वीश्री आस्थाश्रीजी, साध्वी श्री ऋषिताश्रीजी के सान्निध्य में उपासक राजमल बोहरा ने अभिनव सामायिक का प्रयोग कराया। तेयुप के अध्यक्ष कमलेश गन्ना ने साध्वीश्री के प्रति कृतज्ञा ज्ञापित करते हुए सम्पूर्ण श्रावक समाज का स्वागत किया। सभा अध्यक्ष रोशनलाल कोठारी ने अपने विचार व्यक्त किए। संचालन जयंतीलाल गांधी ने किया।

राजराजेश्वरीनगर : राजराजेश्वरीनगर के तेरापंथ भवन में सामूहिक नवकार मंत्र द्वारा अभिनव सामायिक फेस्टिवल का आयोजन किया गया। परिषद के अध्यक्ष विकाश छाजेड़ ने पधारे हुए सभी का स्वागत अभिनंदन किया। अभिनव समय के अंतर्गत सर्वप्रथम त्रिपदी वंदना का प्रयोग विधिवत उपासिका लता बाफना द्वारा करवाया गया। उपासिका हेमलता सुराणा ने लोग्गस पाठ का ध्यान करवाया।

सामूहिक जप उपासिका सरोज आर बैद द्वारा करवाया गया। ध्यान का प्रयोग उपासक छतर सिंह सेठिया द्वारा करवाया गया। प्रवक्ता उपासिका कंचन छाजेड़ ने सामायिक के महत्व बताए। उपासिका शोभा बोथरा ने त्रिगुप्ति साधना का प्रयोग मन, वचन, काया द्वारा बिना सोचे बिना बोले एवं बिना हिले करवाया। तेयुप आरआरनगर के अध्यक्ष विकाश छाजेड़, मंत्री धर्मेश नाहर सहित अनेक सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नेलमंगला में श्रीश्याम चतुर्थ वार्षिकोत्सव 21 को

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। यहां श्री श्याम परिवार नेलमंगला (रजि.) के तत्वावधान में आगामी 21 जनवरी को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चतुर्थ वार्षिक महोत्सव का आयोजन टुमकुर रोड़ स्थित अनचेपाल्या स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में किया जा रहा है। श्री श्याम परिवार के सदस्यों ने बताया कि महोत्सव की तैयारियों को लेकर सभी में काफी उत्साह है और तैयारियां जोरों से चल रही हैं। यहां बाबा का भव्य दरबार सजाया जाएगा। अखण्ड ज्योति, इत्र व पुष्प वर्षा, छप्पन भोग लगाया जाएगा। महाप्रसाद की व्यवस्था भी रखी गई है। दोपहर सवा दो बजे विधिविधान से पूजन के उपरांत राजस्थान के सूरजगढ़ दरबार के गायक संजय सेन, कोलकाता से सुरभि वर्मन और बेंगलूरु से सुरेश चौहान भजनों की सुन्दर प्रस्तुति देंगे।

# वाहन कर्ज पर ब्याज दर में संभावित बढ़ोतरी से प्रभावित हो सकती है यात्री वाहनों की बिक्री : मारुति सुजुकी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक यदि आगे चलकर प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कटौती नहीं करता है, तो वाहन कर्ज और महंगा हो सकता है, जिसका सीधा असर यात्री वाहनों (पीवी) की बिक्री पर पड़ेगा। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन और बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने यह बात कही है। उन्होंने कहा कि इस साल उद्योग एक अंकीय वृद्धि के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि 2023 में रिकॉर्ड 41.08 लाख इकाइयों के ऊंचे आधार के चलते यात्री वाहनों की बिक्री वृद्धि एक अंक में रह सकती है। श्रीवास्तव ने कहा कि देश की कुल आर्थिक वृद्धि एक सकारात्मक कारक है।

श्रीवास्तव ने पीटीआई-भाषा से कहा, वाहन उद्योग की वृद्धि काफी हद तक कुल अर्थव्यवस्था की वृद्धि पर निर्भर करती है। प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6-6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। दोनों के बीच अधिक जुड़ाव होता है... इसलिए यह एक सकारात्मक पक्ष है। उन्होंने कहा, हम पहुंच ऊंचे 'आधार' पर पहुंच गए है। इस आधार पर लगातार वृद्धि हासिल करना कुछ मुश्किल है। हमने देखा कि 2021 में वृद्धि लगभग 27 प्रतिशत थी, 2022 में यह 23 प्रतिशत थी। 2023 में यह 8.3 प्रतिशत है। इसलिए मेरा अनुमान है कि इस साल वृद्धि एक अंक में रहेगी।

श्रीवास्तव ने कहा कि वाहन कर्ज की दरों में संभावित बढ़ोतरी भविष्य की मांग को प्रभावित कर सकती है। पिछले साल से रेपो दर में ढाई प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस बढ़ोतरी को अभी पूरी तरह खुदरा स्तर पर स्थानांतरित नहीं किया गया है। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि आवास ऋण में फ्लोटिंग दरों की वजह से रेपो दर में वृद्धि तुरंत खुदरा ऋण दरों में आती है। लेकिन वाहन ऋण के मामले में लगभग 98 प्रतिशत कर्ज निश्चित या फिक्स्ड दरों पर होता है।

श्रीवास्तव ने कहा कि अबतक रेपो दर में 2.50 प्रतिशत की बढ़ोतरी में से 1.3 प्रतिशत खुदरा वाहन कर्ज में आया है। यदि इस साल नीतिगत दर में कटौती नहीं होती है, तो वाहन कर्ज 1.2 प्रतिशत और महंगा हो सकता है।

# झारखंड के चतरा में पांच माओवादी गिरफ्तार

चतरा/भाषा। झारखंड के चतरा जिले में पांच माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने कहा कि शनिवार शाम को टंडवा थानान क्षेत्र से गिरफ्तार किए गए एक अलग समूह तृतीया सम्मेलन प्रस्तुति समिति से जुड़े पांच लोगों में एक 'उप-क्षेत्रीय कमांडर' भी शामिल था। 'कमांडर' की पहचान आदेश कुमार गंझू उर्फ 'प्रभाकर जी' के रूप में हुई है, जो टंडवा कोयला क्षेत्र में आगजनी व जबरन वसूली के कई मामलों में वांछित था। अन्य चार की पहचान उपेन्द्र कुमार गंझू उर्फ भोला, लालदेव कुमार गंझू, पिंटू कुमार गंझू और राजेश कुमार गंझू के रूप में हुई है। एसपी ने बताया कि उनके पास से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया, इनमें एक राइफल, दो पिस्तौल, 14 कारतूस, एक चाकू और प्रतिबंधित संगठन के पर्चे शामिल हैं।



# शांतिनगर संघ की नई कार्यकारिणी गठित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां वर्धमान श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ शांतिनगर की बैठक में नए पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी के सदस्यों का चयन हुआ

संघ के सचिव छगनमल लुणावत से प्राप्त जानकारी के अनुसार संघ में चेयरमैन महावीरचन्द मुथा, अध्यक्ष धनरूपचन्द मेहता, उपाध्यक्ष पद के लिए त्रिलोकचन्द बोथरा एवं जयंतीलाल कवाड़, सचिव छगनमल लुणावत, सहसचिव नरेन्द्र बेताला, कोषाध्यक्ष प्रकाशचन्द खिंवसरा को बनाया गया है।

वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अशोक बाफना, ललित कानूंगा, महेश समदड़िया, सुरेश मुथा, उत्तमचन्द बांठिया, ओमप्रकाश लुणावत, चन्द्रप्रकाश मरलेचा, ज्ञानचन्द बाफना, मुकेश मुथा, अजीत बाघमार, अशोक रांका, मनीष कोठारी, सुनील समदड़िया, सुदर्शन गादिया को लिया गया है।



# गुजरात में अंतरराष्ट्रीय पतंग उत्सव शुरू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अहमदाबाद/भाषा।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने रविवार को एक सप्ताह तक आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव का उद्घाटन किया, जिसमें 55 देशों और भारत के विभिन्न राज्यों से प्रतिभागी भाग लेते हैं।

पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रगतिशील विचारधारा और दूरदर्शी नेतृत्व के कारण उद्योगों और व्यवसायों के विकास के साथ भारत की अर्थव्यवस्था नई ऊंचाइयों पर पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि चाहे नवरात्रि उत्सव हो या अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव, गुजरात ने हमेशा लोगों को अपनी संस्कृति और शक्ति का एहसास कराया है।

मुख्यमंत्री ने कहा, ऐसे उत्सवों से राज्य की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होती है। इतना ही नहीं, कारोबारियों की वित्तीय स्थिति में भी सुधार होता है और अन्य सहायक रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं। अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव का आयोजन गुजरात के विभिन्न शहरों और पर्यटन स्थलों पर किया जा रहा है, जिनमें एकता नगर, द्वारका, धोर्डो, वडनगर आदि शामिल हैं। यह महोत्सव 14 जनवरी को समाप्त होगा और इसमें 55 देशों के 153 पतंगबाज, भारत के 12 राज्यों के 68 और गुजरात के 23 शहरों के 865 पतंगबाज भाग लेंगे।

# मेरे आलोचक मुझे अपने सपनों में देखते हैं: उद्धव ठाकरे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को कहा कि पार्टी का नाम और चुनाव चिह्न ''चुराए जाने'' के बावजूद उनके आलोचक उन्हें अपने सपनों में देखते हैं और वे जानते हैं कि महाराष्ट्र की जनता उनके साथ है।

पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे बांद्रा स्थित अपने आवास 'मातोश्री' में समर्थकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, मेरी पार्टी का नाम और चुनाव चिह्न चुराए जाने के बावजूद, आलोचक मुझे अपने सपनों में देखते हैं। वे जानते हैं कि उद्धव ठाकरे अकेला नहीं है, पूरा महाराष्ट्र उसके साथ है। ठाकरे ने कहा, प्यार और स्नेह बिक्री के लिए नहीं हैं। इन भावनाओं को खरीदा नहीं जा सकता।

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गढ़ ठाणे जिले के उल्हासनगर में कुछ राजनीतिक कार्यकर्ताओं के फिर से शिवसेना (यूबीटी) में शामिल होने का जिक्र करते हुए, ठाकरे ने कहा कि आगे भी लड़ाई जारी रहेगी लेकिन वफादार लोगों के एक साथ रहने से इसे जीता जा सकता है। अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर के उद्घाटन के बारे में ठाकरे ने कहा कि उस दिन वह नासिक के कालाराम मंदिर में पूजा करेंगे और गोदावरी नदी के तट पर 'महा आरती' करेंगे।

शिंदे और कई विधायकों की बगावत के बाद जून, 2022 में शिवसेना विभाजित हो गई थी और राज्य में सत्तारूढ़ ठाकरे के नेतृत्व वाली महाविकास आघाडी (एमवीए) सरकार गिर गई थी।

निर्वाचन आयोग द्वारा शिंदे के संगठन को 'शिवसेना' नाम और चुनाव चिह्न 'तीर धनुष' दिया गया था।

# महाराष्ट्र : मुख्यमंत्री शिंदे ने उद्धव ठाकरे को बताया 'विकास विरोधी'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना-यूबीटी) प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की आलोचना करते हुए कहा कि वह (ठाकरे) ''विकास विरोधी'' हैं।

शिंदे ने एक सवाल का जवाब देते हुए अपने पूर्ववर्ती का नाम लिए बिना संवाददाताओं से कहा, वह (ठाकरे) ढाई साल तक घर पर बैठे रहे और केवल दिखावा किया। दक्षिण मुंबई के कुछ हिस्सों में गहन सफाई अभियान में भाग लेने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा, लेकिन हम वास्तव में विकास कर रहे हैं और इस शहर की सफाई कर रहे हैं। वह (ठाकरे) विकास विरोधी हैं और मैं उनकी (सरकार की) आलोचना पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता। शिंदे ने कहा, उन्होंने (ठाकरे) मुंबई में आरे भूमि पर मेट्रो, मेट्रो लाइनों के निर्माण का विरोध किया और यहां तक कि समृद्धि राजमार्ग (मुंबई और नागपुर को जोड़ने वाले) के निर्माण को धीमा करने की भी कोशिश की।

# जीएसटी अधिकारियों ने 44,015 करोड़ रु. के आईटीसी घोटाले में शामिल 29,273 फर्जी कंपनियों का लगाया पता

**नई दिल्ली/भाषा।** जीएसटी अधिकारियों ने फर्जी पंजीकरण के खिलाफ अभियान के दौरान दिसंबर 2023 तक आठ महीनों में 44,015 करोड़ रुपए के फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) दावों में शामिल 29,273 फर्जी कंपनियों का पता लगाया है। इससे 4,646 करोड़ रुपए का राजस्व बचाने में मदद मिली। सरकार ने रविवार को यह जानकारी दी।

वित्त मंत्रालय के अनुसार, अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 4,153 फर्जी कंपनियों का पता चला, जिनमें करीब 12,036 करोड़ रुपए की संदिग्ध आईटीसी चोरी में शामिल थीं। केंद्रीय जीएसटी अधिकारियों ने इनमें से 2,358 फर्जी कंपनियों का पता लगाया। इनमें सबसे अधिक 926 कंपनियां महाराष्ट्र में, राजस्थान में 507, दिल्ली में 483 और हरियाणा में ऐसी 424 कंपनियों का पता चला। इन मामलों में 41 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें से 31 गिरफ्तारियां केंद्रीय जीएसटी अधिकारियों द्वारा की गईं। अक्टूबर दिसंबर तिमाही के दौरान चलाए अभियान में 1,317 करोड़ रुपए के राजस्व को बचाने में मदद मिली।

# हिंदू भावनाओं की अनदेखी कर रही है केरल कांग्रेस इकाई: के. सुरेंद्रन



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की केरल इकाई के प्रमुख के. सुरेंद्रन ने कांग्रेस की राज्य इकाई पर 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के संबंध में किसी भी उत्सव की योजना नहीं बनाकर हिंदू भावनाओं की अनदेखी करने का रविवार को आरोप लगाया।

सुरेंद्रन ने दावा किया कि जब उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और यहां तक कि कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी की इकाइयां प्राण प्रतिष्ठा समारोह का जश्न मनाने की तैयारी कर रही है और सवाल किया कि कांग्रेस की केरल इकाई इससे क्यों बच रही है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए सवाल किया, केरल में कांग्रेस पार्टी अलग रुख क्यों अपना रही है? क्या केरल में कांग्रेस का हिंदुओं की आस्था के प्रति कोई दायित्व नहीं है? क्या केरल में कांग्रेस हिंदुओं की भावनाओं की अवहेलना कर रही है?'' उन्होंने सवाल किया, क्या वे (कांग्रेस) इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) या पीएफआई से डरते हैं? क्या समस्ता या अन्य धार्मिक संगठनों ने उन्हें (कांग्रेस को) इस अवसर का जश्न मनाने से रोका है?''

सुरेंद्रन ने कहा कि आईयूएमएल ने स्पष्ट रूप से कहा था कि वह प्राण प्रतिष्ठा समारोह मनाने वाले किसी के भी खिलाफ नहीं हैं और उन्होंने कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल के साथ ही केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख के सुधारकरन और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीशन से अपने सवालों के जवाब मांगें।

# केंद्र जम्मू-कश्मीर में आम नागरिकों से आतंकवादियों जैसा व्यवहार कर रहा: महबूबा मुफ्ती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**श्रीनगर/भाषा।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने रविवार को कहा कि केंद्र पूर्वोत्तर में उग्रवादियों के साथ बातचीत कर रहा है, लेकिन जम्मू-कश्मीर में आम नागरिकों से आतंकवादियों जैसा व्यवहार कर रहा है। अनंतनाग जिले के बिजबेहरा में एक समारोह के दौरान मुफ्ती ने कहा, हम झुकेंगे नहीं, हम सफेद झंडा नहीं उठाएंगे। अगर आप हमसे सम्मान के साथ बात करेंगे तो हम सम्मान के साथ जवाब देंगे।

हालांकि, अगर आप डंडे से बात करेंगे जैसा कि आपने बफलियाज में किया था, तो यह काम नहीं करेगा। पीडीपी अध्यक्ष ने अपने पिता और पार्टी के संस्थापक मुफ्ती मोहम्मद सईद की आठवीं पुण्यतिथि के मौके पर उनकी कब्र पर श्रद्धांजलि दी और कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों को संबोधित किया।



महबूबा मुफ्ती ने कहा कि एक तरफ केंद्र पूर्वोत्तर में उग्रवादियों के साथ बातचीत कर रहा है, और दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर में आम नागरिकों को आतंकवादी करार दिया जा रहा है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा, वहां (पूर्वोत्तर में) आप उग्रवादियों से बातचीत करते हैं जबकि जम्मू-कश्मीर में आप आम लोगों को आतंकवादी करार देते हैं। आपने गिरफ्तारियां (एक के बाद एक) करके जेल भर दी हैं। प्रवर्तन निदेशालय, एनआईए, एसआईए छापे मार रहे हैं....क्या कोई अपने ही लोगों के साथ ऐसा व्यवहार करता है?'' पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अलगाववादियों से निपटने के लिए केंद्र को उनके दिवंगत पिता द्वारा अपनाए गए दृष्टिकोण से सीखना चाहिए। उन्होंने कहा, मुफ्ती साहब से कुछ सीखें... उन्होंने लोगों के दिलों को जोड़ने की कोशिश की।

# सिद्दरामैया ने कर्नाटक पुलिस को दिया निर्देश : शांतिपूर्ण और भयमुक्त माहौल बनाए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


बेंगलूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने बेंगलूरु सिटी पुलिस को कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत करने और राज्य में शांतिपूर्ण और भयमुक्त माहौल बनाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने बेंगलूरु में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा, जब से हमारी सरकार सत्ता में आई है, बेंगलूरु में अपराध कम हो गया है। हालांकि अपराध को पूरी तरह ख़त्म नहीं किया जा सकता, लेकिन इसे कम किया जा सकता है। पुलिस को रोके जा सकने वाले अपराधों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने पुलिस को शहर में नशे की समस्या को रोकने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों से कहा, सभी स्तरों पर पुलिस अधिकारियों को समाज की भलाई के लिए ड्रग माफिया को खत्म करने के लिए उचित निर्णय लेना चाहिए और इसे लागू करना चाहिए। जो लोग अकेले रहते हैं, उनकी पहचान की जानी चाहिए, उनकी सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए और पुलिस बीट सिस्टम को भी मजबूत किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि शहर में 241 होयसला वाहनों के गश्ती दल को मजबूत किया जाना चाहिए और उन्हें अधिक जिम्मेदारी से काम करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों से कहा, पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए रियल एस्टेट के मुद्दों में शामिल होना सही नहीं है। इससे लोगों का पुलिस व्यवस्था पर से भरोसा उठ जाएगा।

मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारी से कहा कि मौजूदा सरकार आपको कभी भी गैरकानूनी काम में शामिल होने के लिए नहीं कहेगी। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों से कहा, हम उन लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे जो अवैध गतिविधियों में शामिल हैं। शहर में उपद्रव को खत्म किया जाना चाहिए और किसी को भी कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए।

उन्होंने नए साल के जश्न के दौरान शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने में अच्छा काम करने के लिए बेंगलूरु सिटी पुलिस को भी बधाई दी। बेंगलूरु शहर के पुलिस आयुक्त बी. दयानंद ने मुख्यमंत्री को आश्वासन दिया कि उनका विभाग शहर में शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल बनाने के लिए कड़ी मेहनत करेगा।









# मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने चित्रकला परिषद के लिए 50 लाख रुपये अनुदान की घोषणा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने रविवार को चित्रकला परिषद के लिए 50 लाख रुपये के अनुदान की घोषणा करते हुए कहा कि सरकार कला के विकास के लिए प्रतिबद्ध है

सिद्दरामैया ने यहां कर्नाटक चित्रकला परिषद द्वारा आयोजित 21वें 'चित्र संथे' (कला मेला-2024) का उद्घाटन करने के बाद कहा कि राज्य सरकार सभी जिलों में संग्रहालय और कला दीर्घाएं स्थापित करने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करेगी।

मुख्यमंत्री ने 'चित्र संथे' को भारत के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों को समर्पित करने पर प्रसन्नता व्यक्त की, जिन्होंने अपनी ऐतिहासिक उपलब्धियों से देश को गौरवान्वित किया। आयोजकों के अनुसार, चित्र संथे में 22 राज्यों के लगभग 1,600 कलाकार भाग लेते हैं और वार्षिक कला मेले को देखने के लिए तीन लाख से चार लाख लोग आते हैं।

# पुठिग मठ प्रमुख 18 को 'पर्याय पीठ' पर आरोहण करेंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मंगलूरु। उडुप्पी पुठिग मठ के प्रमुख श्री सुगुनेंद्र तीथा स्वामी ने 18 जनवरी से शुरू होने वाले 'चौथे पर्याय' के हिस्से के रूप में 'कोटि गीता लेखन यज्ञ' शुरू किया है। यह 'पर्याय' दो साल की अवधि के लिए होगा।

संत ने उडुप्पी में शनिवार को संवाददाताओं से कहा कि मठ ने कोटि गीता लेखन यज्ञ के हिस्से के रूप में उडुपी श्रीकृष्ण को भगवद गीता की एक करोड़ हस्तलिखित प्रतियां भेंट करने की योजना बनाई है। संत अपने 50 साल के संन्यास जीवन में चौथी बार 'पर्याय पीठ' पर आरोहण कर रहे हैं। वे इससे पहले 1972, 1992 और 2008 में आरोहण कर चुके हैं। संत ने अपने पर्याय को 'विश्व गीता पर्याय' नाम देते हुए श्रद्धालुओं से मठ से भगवद गीता और नोटबुक हासिल कर यज्ञ में भाग लेने का आग्रह किया।

यज्ञ में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं को 17 जनवरी 2026 से पहले गीता के श्लोकों को लिखने और हस्तलिखित प्रतियां जमा कराने के लिए कहा गया है। 17 जनवरी 2026 उनका पर्याय' कार्यकाल समाप्त होगा।

संत का 'पुरा प्रवेश' आठ जनवरी को होगा। विभिन्न संगठन और भजन मंडलियां सोमवार को जोडुकट्टे से 'कार स्ट्रीट' तक जुलूस निकालेंगी। उडुप्पी जिला प्रशासन और स्थानीय समिति द्वारा अभिनंदन भी किया जाएगा।

# तटरक्षक कमांडर ने मंगलूरु इकाई की अभियानगत तैयारियों की समीक्षा की

मंगलूरु। भारतीय तटरक्षक बल के महानिरीक्षक (पश्चिमी क्षेत्र) भीष्म शर्मा ने अपनी चार दिवसीय यात्रा के तहत मंगलुरु में तटरक्षक इकाई का निरीक्षण किया। तटरक्षक बल ने यहां एक विज्ञप्ति में बताया कि निरीक्षण का प्राथमिक उद्देश्य इकाई की अभियानगत तैयारी और बुनियादी ढांचे के विकास का आकलन करना था। इसमें कहा गया कि शर्मा ने विभिन्न तैयारियों की व्यापक समीक्षा की और अभियानगत क्षमताओं में सुधार पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया।

विज्ञप्ति के मुताबिक, कमांडर ने यहां जारी बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं का व्यक्तिगत रूप से जायजा लिया और मंगलुरु तट के साथ समुद्री व हवाई परिसंपत्तियों की अभियानगत तैयारी का मूल्यांकन किया। इसमें कहा गया कि शर्मा ने इन महत्वपूर्ण तटीय क्षेत्रों में उच्चस्तरीय तैयारी को बनाए रखने और मजबूत बुनियादी संरचनाओं के महत्व को रेखांकित किया।

विज्ञप्ति के मुताबिक, अभियानगत तत्परता का प्रदर्शन देश के तटीय क्षेत्रों की रक्षा और समुद्री हितों की रक्षा के लिए तटरक्षक बल की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। शर्मा की यात्रा शनिवार को संपन्न हो गई।

# प्रभसिमरन, अभिषेक ने कर्नाटक के खिलाफ पंजाब की कराई वापसी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। प्रभसिमरन सिंह (100) की शतकीय पारी और अभिषेक शर्मा (91) के साथ पहले विकेट के लिए 192 रन की साझेदारी के दम पर पंजाब ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मैच के तीसरे दिन कर्नाटक के खिलाफ वापसी करते हुए अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 238 रन बना लिये। इससे पहले कर्नाटक की टीम ने दिन की शुरुआत छह विकेट पर 461 रन से आगे से की और अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 514 रन पर घोषित कर दी। टीम ने पहली पारी में 362 रन की बड़ी हासिल की ।

प्रभसिमरन ने 146 गेंद की पारी में 17 चौके लगाये और अभिषेक के साथ सूझबूझ से बल्लेबाजी की। दोनों ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 44.3 ओवर में 192 रन जोड़ दिये। पंजाब अब भी कर्नाटक से 124 रन पीछे हैं।

वलसाड में ग्रुप के एक अन्य मैच में मनन हिंगराजिया (52), उमंग कुमार (89) और रिपल पटेल (81) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर गुजरात ने तमिलनाडु को जीत के लिए 299 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया। गुजरात ने दूसरी पारी में 38 रन तक तीन विकेट गंवाने के बाद अच्छी वापसी करते हुए अपनी दूसरी पारी में 312 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए तमिलनाडु ने अपनी दूसरी पारी में 32 रन पर दो विकेट गंवा दिये हैं।

चंडीगढ़ में खराब रोशनी के कारण रेलवे और चंडीगढ़ के बीच तीसरे दिन का खेल संभव नहीं हुआ।

त्रिपुरा ने अपनी दूसरी पारी 151 रन पर घोषित कर गोवा को जीत के लिए 501 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्या का पीछा करते हुए गोवा ने अपनी दूसरी पारी में 48 रन पर तीन विकेट गंवा दिये।

# राम मंदिर समारोह : कर्नाटक में हिंदू श्रद्धालुओं को लुभाने में जुटीं भाजपा व कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में केवल दो सप्ताह बचे हैं और कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी भाजपा दोनों ने इस चुनावी वर्ष में हिंदू श्रद्धालुओं को आकर्षित करने के लिए रविवार को अपना अभियान शुरू किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत राम अक्षत (चावल) वितरण शुरू किया।

भाजपा के दिग्गज नेता तथा पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येडीयुरप्पा और उनके बेटे व प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने आज बेंगलूरु में हिंदू समुदाय के लोगों के घर जाकर उनसे 22 जनवरी को घर पर विशेष पूजा करने का अनुरोध किया और अक्षत दिए। भाजपा नेताओं ने लोगों से यह अनुरोध भी किया कि वे 'सदियों के वनवास' के बाद अयोध्या में राम लला की वापसी के अवसर पर अपने घर के सामने पांच दीपक जलाएं। यहां एक हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना करने के बाद, विजयेंद्र ने संवाददाताओं से कहा कि भगवान राम के भक्त हर घर जाएंगे और लोगों से अपने घर या किसी नजदीकी मंदिर में विशेष पूजा करने का अनुरोध करेंगे।

कांग्रेस सरकार ने हिंदू धार्मिक बंदोबस्ती विभाग के नियंत्रण वाले मंदिरों को 22 जनवरी को विशेष पूजा आयोजित करने के निर्देश जारी किए हैं।

मुजरई मंत्री (हिंदू धार्मिक बंदोबस्ती) रामलिंगा रेड्डी ने संवाददाताओं से कहा, 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन किया जाएगा। मैंने हिंदू धार्मिक बंदोबस्ती विभाग से कहा है कि वह उस दिन अपने नियंत्रण वाले सभी मंदिरों में विशेष प्रार्थनाएं आयोजित करे।

# कंपनियों ने अच्छे राजनीतिक नेतृत्व, उत्कृष्ट नौकरशाही की वजह से तमिलनाडु को चुना : वेणु श्रीनिवासन

चेन्नई। दोपहिया व तिपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी टीवीएस मोटर कंपनी के मानद चेयरमैन वेणु श्रीनिवासन ने रविवार को कहा कि तमिलनाडु में अच्छे राजनीतिक नेतृत्व तथा उत्कृष्ट नौकरशाही की वजह से कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने राज्य को अपना आधार स्थापित करने के लिए चुना है। तमिलनाडु में वैश्विक निवेशक सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में उन्होंने कहा कि 2030 तक राज्य को 1,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन का लक्ष्य निश्चित रूप से हासिल किया जाएगा। उन्होंने कहा, जीआईएमएस की श्रृंखला में जीआईएम 2024 एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हम देश में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले राज्यों में से एक हैं और एक तमिल होने के नाते मुझे यह कहते हुए बहुत गर्व हो रहा है। श्रीनिवासन ने कहा, ''हमारे मुख्यमंत्री का तमिलनाडु को 1,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य है। मुझे उनके नेतृत्व और उनके अभियान पर यकीन है। यह (लक्ष्य) निश्चित रूप से हासिल किया जाएगा और हम उससे आगे निकल जाएंगे।''

तमिलनाडु के अनुकूल निवेश माहौल पर श्रीनिवासन ने कहा, इसकी तीन वजह हैं, हमारे पास राजनीतिक नेतृत्व बहुत अच्छा, उत्कृष्ट नौकरशाही, शांतिपूर्ण कानून-व्यवस्था, कुशल श्रमिक तथा इंजीनियर हैं। उन्होंने कहा, इसीलिए भारत की अग्रणी कंपनियों तथा बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने तमिलनाडु को अपना निवेश गंतव्य बनाया है। तमिलनाडु सरकार द्वारा आयोजित यह जीआईएम का तीसरा संस्करण है।



# जल्लीकट्टू 2024 : शक्तिशाली बैल और उन्हें वश में करने वाले निडर युवक हैं तैयार

चेन्नई। सुगंधित चमेली के फूल की कलियों के लिए लोकप्रिय मदुरै शहर इस बार पोंगल त्योहार के अवसर पर जल्लीकट्टू के पारंपरिक खेल के आयोजन के लिए पूरी तरह से तैयार है, जिसमें शक्तिशाली बैलों को वश में करने वाले निडर युवक अपनी-अपनी वीरता और कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

मदुरै जिले के अवनियापुरम, पलामेडु और अलंगनल्लूर में होने वाले जल्लीकट्टू के भव्य आयोजनों के लिए सैकड़ों प्रशिक्षित एवं ताकतवर बैलों और इन बैलों को वश में करने का जुनून रखने वाले तथा अपनी निडर प्रवृत्ति के लिए पहचाने जाने वाले पुरुषों ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया है। मदुरै में पोंगल उत्सव के दौरान जल्लीकट्टू के अखाड़े जीवंत हो उठते हैं। जल्लीकट्टू के मद्देनजर व्यवस्थाओं की निगरानी करने वाली मदुरै की जिलाधिकारी एम एस संगीता ने कहा कि अवनियापुरम जल्लीकट्टू 15 जनवरी को पोंगल के दिन आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 16 जनवरी को पलामेडु और 17 जनवरी को अलंगनल्लूर में इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। त्योहार की छुट्टियों के दौरान तीन दिवसीय यह कार्यक्रम पूरे राज्य का ध्यान आकर्षित करेगा।

जल्लीकट्टू में भाग लेने वाले बैल और युवक दोनों ही आयोजन के लिए प्रशिक्षण के अलावा पौष्टिक आहार भी ले रहे हैं। जानवरों को तैराकी, पैदल चलने का प्रशिक्षण दिया गया है और उन्हें विजेता बनने के लिए उनकी ताकत और सहनशक्ति बढ़ाने के लिए स्वस्थ आहार दिया जाता है।

# तीन छात्राओं पर चढ़ा दक्षिण कोरियाई बैंड बीटीएस का जुनून, थक हारकर लौटीं अपने-अपने घर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। तमिलनाडु के करूर जिले के एक गांव की तीन स्कूली छात्राओं ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि संगीत और नृत्य के प्रति जुनून उन्हें एक दिन कम पैसे और बिना पासपोर्ट के दूसरे देश की यात्रा पर निकलने के लिए मजबूर कर देगा।

लोकप्रिय कोरियाई पॉप बैंड बीटीएस की दीवानी तीन छात्राओं ने अपने प्रिय सितारों से मिलने के लिए दक्षिण कोरियाई राजधानी सियोल जाने का फैसला किया। वे सभी एक सरकारी स्कूल की कक्षा आठ की छात्रा हैं और 13 साल की हैं। बाल कल्याण समिति के एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा' को बताया, उन्होंने किसी भी तरह, बीटीएस सितारों से मिलने का फैसला किया और दक्षिण कोरिया जाने के लिए तमिलनाडु में तुतुकड़ी और आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम के बंदरगाहों का चयन किया। उन्होंने अंततः विशाखापत्तनम को चुना।

चार जनवरी को लड़कियां चुपचाप घर से निकल गईं। बाद में जब लड़कियां घर नहीं लौटीं, तो उनके माता-पिता ने करूर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसने राज्य भर में अधिकारियों को सतर्क कर दिया और तलाश शुरू कर दी गई। हालांकि किशोरियों के पास कुल मिलाकर लगभग 14,000 रुपये थे, जो उनकी बचत थी। उन्हें विश्वास था कि वे अब भी दक्षिण कोरिया जा सकती हैं। काफी जद्दोजहद के बाद बृहस्पतिवार रात उन्हें चेन्नई के एक होटल में कमरा मिल गया और उन्हें लगा कि वे बिना पासपोर्ट के जहाज से सियोल जा सकती हैं। शुक्रवार को, वे इधर-उधर भटकती रहीं और उनकी सारी ऊर्जा खत्म हो गई। जब उनके पास कोई विकल्प नहीं बचा तो वे अपने घर लौटने के लिए चेन्नई में एक ट्रेन में सवार हो गईं।

वेल्लोर जिला बाल कल्याण समिति के प्रमुख पी. वेदनायगम ने कहा, कटपाडी रेलवे स्टेशन पर, जब वे आधी रात को खाना खरीदने के लिए उतरीं, तो उनकी ट्रेन छूट गई। पुलिस कर्मियों ने बच्चों और चाइल्ड लाइन अधिकारियों से बात की और हमें सतर्क कर दिया गया।

उन्हें वेल्लोर जिले में एक सरकारी केंद्र में रखा गया, उनके माता-पिता को बुलाया गया और बच्चों व उनके माता-पिता के लिए परामर्श सत्र आयोजित किए गए। वेदनायगम ने कहा, हमें पता चला कि लड़कियों को बीटीएस बैंड और सितारों के बारे में बारीक से बारीक जानकारी थी, उनके कपड़े पहनने के तरीके और भी काफी कुछ; उन्होंने पॉप बैंड सितारों द्वारा इस्तेमाल किए गए जूतों जैसे जूते खरीदे थे। वे बीटीएस बैंड की दीवानी हैं और स्मार्टफोन के इस्तेमाल ने बैंड के प्रति उनमें जुनून पैदा किया। अधिकारी ने कहा कि बच्चों को केवल पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया, जिससे उन्हें अपने सपनों को साकार करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, हमने बच्चों को शिक्षा के महत्व और उसके मूल्य के बारे में बताया और माता-पिता को सलाह दी कि वे इस बात पर नज़र रखें कि उनके बच्चे क्या करते हैं। अधिकारी ने बताया, बच्चों की पारिवारिक पृष्ठभूमि को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता. एक लड़की अपने माता-पिता की इकलौती संतान है। एक अन्य लड़की के पिता मानसिक रूप से कमजोर हैं। इन लड़कियों की मां खेतों में काम करती हैं।



# मोदी तीन दिवसीय दौरे के बाद हुए दिल्ली रवाना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन दिवसीय अपने राजस्थान दौरे के बाद रविवार अपराह्न में दिल्ली के लिए रवाना हो गए। मोदी को जयपुर हवाई अड्डे पर राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भावभीनी विदाई दी। उल्लेखनीय है कि मोदी राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में देश भर के पुलिस महानिदेशकों और पुलिस महानिरीक्षकों के 58वें सम्मेलन में भाग लेने के लिए जयपुर आए थे। वह गत पांच जनवरी सायं जयपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने राजभवन विश्राम गृह में रात्रि विश्राम किया।

मिश्र ने राजभवन विश्राम गृह में प्रधानमंत्री से इस दौरान विशेष मुलाकात कर प्रदेश के विकास और संवैधानिक जागरूकता संबंधित मुद्दों पर चर्चा भी की। मोदी ने अपने तीन दिवसीय राजस्थान दौरे के दौरान पांच जनवरी की शाम को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश कार्यालय में भाजपा विधायकों एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक की और मंत्रियों एवं विधायकों से जनसेवक की तरह काम करने का आह्वान किया। इस दौरान मोदी ने कार्यकर्ताओं के महत्व को ध्यान में रखते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने और संगठन के कार्यक्रमों के क्रियान्वयन पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने शनिवार और रविवार को महानिदेशक एवं महानिरीक्षक सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने शनिवार को पूरा दिन सम्मेलन में ही बिताया और पुलिस महानिदेशक एवं महानिरीक्षकों से संवाद किया।

सम्मेलन का उद्घाटन पांच जनवरी को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया और सम्मेलन के तीनों दिन इसमें मौजूद रहे और देश में पुलिस व्यवस्था को बेहतर बनाने एवं आंतरिक सुरक्षा सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान तीनों केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी मौजूद रहे। सम्मेलन के समापन पर मोदी, शाह के साथ देश के विभिन्न हिस्सों से आये पुलिस महानिदेशको एवं महानिरीक्षकों ने सामूहिक फोटो भी खिंचवाया।


# कांग्रेस ने पूर्व विधायक मेवाराम जैन को प्राथमिक सदस्यता से निलंबित किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (आरपीसीसी) ने पूर्व विधायक मेवाराम जैन को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। पार्टी के एक पदाधिकारी ने यह जानकारी दी। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने जैन के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए निलंबन आदेश जारी किया।

आदेश के अनुसार, बाड़मेर के पूर्व विधायक मेवाराम जैन को अनैतिक गतिविधियों में शामिल होने के कारण तत्काल प्रभाव से कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया गया है। उनका आचरण कांग्रेस पार्टी के संविधान के तहत अनुशासन के उल्लंघन का स्पष्ट संकेत है। एक महिला ने दिसंबर 2023 में बाड़मेर के पूर्व विधायक मेवाराम जैन और राजस्थान पुलिस सेवा के अधिकारी आनंद सिंह राजपुरोहित सहित नौ लोगों पर दो साल पहले उसके साथ कथित तौर पर दुष्कर्म करने और उसकी किशोर बेटी से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था।

पुलिस ने बताया कि मामला जोधपुर के राजीव गांधी नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी ने उसकी एक नाबालिग सहेली के साथ भी बलात्कार किया और उस पर अन्य लड़कियों



को अपने पास लाने का दबाव डाला। प्राथमिकी में बाड़मेर थानाधिकारी गंगाराम खावा, पुलिस उपनिरीक्षक दाउद खान और प्रधान गिरधारी सिंह सोढा भी नामित हैं।

महिला का आरोप है कि उसके पिता की बीमारी के कारण वह करीब पांच साल पहले बाड़मेर के रामस्वरूप के संपर्क में आई और उन्होंने उसे मदद का आश्वासन दिया था। शिकायतकर्ता के मुताबिक, उसकी कमजोरी का फायदा उठाते हुए आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया, कृत्यों को रिकॉर्ड किया और उसका यौन शोषण करता रहा।

महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि उसने 2021 में उसके फ्लैट पर उसे बाड़मेर के तत्कालीन विधायक मेवाराम जैन से मिलवाया गया और उस दौरान दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला ने आरोप लगाया कि तब से आरोपी लगातार उसके साथ दुष्कर्म कर रहे हैं। उन्होंने उसकी किशोर बेटी के साथ भी छेड़छाड़ की, उसकी एक सहेली के साथ दुष्कर्म किया और उस पर अन्य महिलाओं को भी लाने के लिए दबाव डाला। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस अधिकारियों और अन्य आरोपियों ने उसे मामले का खुलासा न करने की धमकी दी और कुछ खाली कागजों पर हस्ताक्षर करने के लिए भी मजबूर किया। पूर्व विधायक के इशारे पर राम स्वरूप ने नवंबर 2022 में बाड़मेर में पीड़िता सहित पांच लोगों के खिलाफ कथित तौर पर सेक्सटॉर्शन और 50 लाख रुपये की मांग का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था।

कांग्रेस के पूर्व विधायक मेवाराम जैन पार्टी के टिकट पर तीन बार बाड़मेर सीट से विधायक चुने गए थे। हालांकि, वह पिछला चुनाव भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बागी प्रियंका चौधरी से हार गए थे। एक साल पहले जैन की कुछ सीडी वायरल हुई थी, जिसको लेकर जैन ने सीडी के साथ छेड़छाड़ होने का दावा किया और बाड़मेर के कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया था। पिछले साल प्रवर्तन निदेशालय ने मेवाराम जैन के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) का मामला दर्ज किया था।

## डोटासरा की अध्यक्षता में कांग्रेस ने बनाई प्रदेश चुनाव समिति, गहलोत सदस्य होंगे

जयपुर। विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राजस्थान समेत कई राज्यों की प्रदेश चुनाव समितियां गठित की हैं। इनमें केरल, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर और त्रिपुरा शामिल हैं। इनके साथ ही मध्य प्रदेश के लिए पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी बनाई गई है।



प्रदेश कांग्रेस महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी के मुताबिक राजस्थान की प्रदेश चुनाव समिति में गोविंद सिंह डोटासरा- अध्यक्ष रहेंगे। जबकि अशोक गहलोत, जितेंद्र सिंह, सचिन पायलट, महेंद्रजीत सिंह मालवीय, मोहन प्रकाश, डॉ. सी. पी. जोशी, हरीश चौधरी, रामलाल जाट, प्रमोद जैन भाया, प्रताप सिंह खाचरियावास, ममता भूपेश, भजनलाल जाटव, मुरारीलाल मीणा, अशोक चांदना, नीरज डांगी, जुबेर खान, धीरज गुर्जर, राजकुमार शर्मा, रोहित बोहरा, इंदिरा मीणा, डूंगरराम गेदर, शिमला देवी नायक और ललित शर्मा को शामिल किया गया है। इनके साथ ही यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष, एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष, राज्य सेवादल के मुख्य संगठक और महिला कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष को एक्स ऑफिशियो सदस्य रखा गया है।

# ब्रेकली विवि के छात्रों का दल शोध के लिए आया राजस्थान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अलवर। अमेरिकी के कैलिफोर्निया राज्य की ब्रेकली विश्वविद्यालय के छात्रों का एक दल शहरी विकास की नीतियां और पॉलिटिक्स पर शोध के लिए अलवर आया हुआ है। विश्वविद्यालय के शोध छात्र शारीक लालीवाला ने बताया कि उनका दल शहरी विकास और शहरी नीतियों का अध्ययन कर रहा है। किस तरीके से नगर पालिकाएं काम करती हैं। इसके अलावा अलवर अर्बन पॉलिटिक्स को भी नजदीक से जानेंगे और सरकारी विभाग किस तरीके से अपना काम करते हैं। क्योंकि अलवर पहले नगर परिषद था अब नगर निगम हुआ है ऐसे में उनके कार्यों में किस तरीके से बदलाव आया है, किस तरीके से विकास कार्य हो रहे हैं उन पर पूरी एक रिपोर्ट तैयार होगी।

नगर निगम के आयुक्त मनीष फौजदार ने बताया कि यह दल नगर निगम द्वारा कराया जा रहे कार्यों की जानकारी हासिल करेगा। विश्वविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर एलन की पोस्ट ने बताया कि हम राजस्थान में शहरी विकास पर एक अध्ययन कर रहे हैं। अलवर शहर हमारे केस स्टडी में से एक है। यहां आना और शहरी विकास के साथ अलवर के अनुभव से सीखना एक सम्मान की बात है। भारतीय शहरों में चुनौती यह है कि वहां बहुत अधिक आबादी है और विकास की दर बहुत अधिक है, निश्चित रूप से इतने बड़ी आबादी के लिए बुनियादी ढांचा सेवाएं प्रदान करने की चुनौती से निपटने के लिए किस तरह काम होता है। अमेरिकी शहरों के सामने अलग-अलग चुनौतियाँ हैं, वे क्षैतिज रूप से अधिक तेजी से बढ़ रहे हैं। बहुत अधिक संसाधनों का उपभोग करते है।

## लोडिंग टेंपो के पलटने से एक महिला सहित तीन मजदूरों की मौत

जयपुर। राजस्थान के पाली जिले के रोहट थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक लोडिंग टेंपो के पलट जाने से उसमें सवार एक महिला सहित तीन मजदूरों की मौत हो गई जबकि 11 अन्य लोग घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि निर्माण के लिए सीमेंट मिक्सर और 14 मजदूरों को लेकर जा रहा लोडिंग टेंपो टायर फटने से पलट गया। पुलिस ने बताया कि घटना में गाड़ी में सवार धन्नाराम (30) , मीना ऊर्फ वीणा (33) और मुकेश (20) की मौत हो गई जबकि 11 अन्य लोग घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि 10 घायलों को उपचार के लिये पाली के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जबकि गंभीर रूप से घायल एक शख्स को जोधपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिये गये ।

# कुछ हिस्सों में कोहरे की मार जारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के कुछ हिस्सों में शीत लहर की स्थिति बनी हुई है वहीं कुछ भागों में घने से बहुत घना कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। जयपुर मौसम केंद्र के अनुसार, अलवर में रविवार सुबह न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा। वहीं भीलवाड़ा में न्यूनतम तापमाप 4.2 डिग्री सेल्सियस, एरिनपुरा रोड और जैसलमेर में पांच डिग्री सेल्सियस रहा।

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, करौली में न्यूनतम तापमान 5.1 डिग्री, सिरोही में छह डिग्री, वनस्थली में 6.1 डिग्री, पिलानी में 6.8 डिग्री, अंता में 6.9 डिग्री, धौलपुर में 7 डिग्री, अजमेर में 7.1 डिग्री, चित्तौड़गढ़ में 7.4 डिग्री और जयपुर में 7.8 डिग्री दर्ज किया गया। विभाग के मुताबिक, राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क रहा। विभाग ने बताया कि राज्य में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से रविवार को उदयपुर, कोटा संभाग के जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। विभाग के मुताबिक, सोमवार और मंगलवार को गरज के साथ बारिश की संभावना है और इस दौरान कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की भी उम्मीद है।



## बैरवा ने रामचन्द्रजी मंदिर में दर्शन किए

जयपुर। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने चांदपोल स्थित ठिकाना मंदिर रामचन्द्रजी पहुंचकर दर्शन किये। बैरवा ने अलौकिक छप्पन भोग महाप्रसाद झांकी से सजाए गये रामदरबार के दर्शन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आध्यात्मिकता को अपनाने व उसका अनुसरण करने से मानव जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होने कहा कि भगवान श्रीराम के जीवन से हम सभी को त्याग, समर्पण, प्रेम, सत्य, जैसे गुणों को सीखना चाहिए। उन्होने मंदिर परिसर की भव्यता और अलौकिकता पर महंत नरेन्द्र तिवारी से चर्चा की।



# स्वस्थ भारत की रचना करें : देवनानी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि सभी मिलजुल कर स्वस्थ भारत की रचना करें। उन्होंने कहा कि शरीर, मन, मस्तिष्क स्वस्थ रहेंगे तब ही राष्ट्र की उन्नति होगी। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे राष्ट्र को स्वस्थ बनाने के लिए आवश्यक योग, यज्ञ और संतुलित आहार को आचरण में लाएं । विधानसभा अध्यक्ष देवनानी रविवार को यहां राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में आयोजित यज्ञ, योग एवं युक्ताहार नव वर्ष सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। समारोह राजस्थान स्वास्थ्य योग परिषद द्वारा आयोजित किया गया व योग कार्यों में जागरूकता लाने वाले लोगों को भी सम्मानित किया गया।

देवनानी ने बताया कि भारत विश्व गुरु है व भारत की परंपराएं समृद्ध और वैज्ञानिक दृष्टि से सही है। उन्होंने कहा की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक दृष्टि से राष्ट्र समृद्ध है। हम सभी लोगों को निरोगी राष्ट्र बनाने के लिए योग, यज्ञ और संतुलित आहार को अपनाना होगा। योग स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है और इसे जीवन का अंग बनाने कि आवश्यकता है। भारत का जीवन आदर्श है इसलिए इस मशीनी युग में बदलती जीवन शैली के लिए योग की आवश्यकता बढ़ गई है। कार्यक्रम में परिषद के कार्यकर्ताओं ने योग प्रदर्शन किया। इस अवसर पर राम रतन देवाचार्य और राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति संजीव शर्मा भी मौजूद रहे। योग परिषद के अध्यक्ष दिनेश खंडेलवाल और सचिव राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

### बच्चों के साथ



संसदीय क्षेत्र कोटा में एक कार्यक्रम में रविवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला दिव्यांग बच्चों के साथ।

# सरपंच 1 लाख 80 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

टोंक। टोंक के मालपुरा में एसीबी की टीम ने कार्रवाई करते हुए सरपंच प्रदीप शर्मा और दलाल रामनरेश सैनी को 1 लाख 80 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार मालपुरा के सीतारामपुरा ग्राम पंचायत सरपंच प्रदीप शर्मा पेंडिंग बिलों को पास कराने के एवज में रिश्वत की मांग कर रहा था। एसीबी ने जाल बिछाते हुए सरपंच प्रदीप शर्मा को 1 लाख 80 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

# प्रतापगढ़ में तीन मासूमों की मौत में झोलाछाप डॉक्टर आपराधिक मानव वध का दोषी, गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

प्रतापगढ़। थाना देवगढ़ इलाके के गांव धावड़ा मगरी में गलत उपचार से हुई तीन बच्चों की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी झोलाछाप डॉक्टर चतराराम देवासी पुत्र जीवाराम निवासी जैनवास दुजाना जिला पाली हाल बस स्टैंड देवगढ़ को आपराधिक मानव वध के आरोप में गिरफ्तार किया है। एसपी अमित कुमार ने बताया कि 19 नवंबर और 20 नवंबर को धावड़ा मगरी गांव में तीन मासूम बच्चों की रहस्यमयी मौत हुई। चिकित्सा विभाग ने सीएमएचओ की रिपोर्ट के आधार पर आईडीएसपी को एक रिपोर्ट की। आईडीएसपी के स्टेट नोडल ऑफिसर के सुपरविजन में राजस्थान के दो ईआईएस ऑफिसर एवं नई दिल्ली से एनसीडीसी की संयुक्त टीम का गठन किया गया।

गठित टीम को बच्चों की मृत्यु व गांव में बुखार फैलने के कारणों का पता लगाने और अन्य कौन इससे प्रभावित हो सकते हैं के बारे में पता लगाने का टास्क दिया गया। इस कमेटी द्वारा भी एक विस्तृत जांच की गई। कमेटी ने तीनों मृतक बच्चों के परिजनों से बात कर मेडिकल काउंसलिंग करके वर्बल ऑटोप्सी की। जांच के कई पहलुओं में मलेरिया से बुखार होने के तथ्य सामने आए।

मृतकों की एक जीवित बहन काली जिसका उपचार जिला प्रतापगढ़ में उन बच्चों की मौत के बाद किया गया। उसकी बीमारी के डायग्नोसिस और उपचार से स्पष्ट हुआ कि उन बच्चों में भी तेज बुखार का कारण संभवतया मलेरिया ही था। वर्बल ऑटोप्सी की रिपोर्ट इस कमेटी द्वारा तैयार की गई उसमें झोलाछाप डॉक्टर द्वारा दिए गए उपचार के बाद इन बच्चों की मृत्यु होने जैसे तथ्य सामने आए।

# राजस्थान मंत्रालय शक्ति के नए संतुलन को दर्शाता है; दीया कुमारी सर्वशक्तिमान बनकर उभरीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में भजन लाल शर्मा सरकार ने शनिवार को मंत्रिमंडल विस्तार के छठे दिन मंत्रियों के बीच विभागों का वितरण किया, हालांकि, चर्चा का मुख्य विषय उप मुख्यमंत्री मंत्री दीया कुमारी को वित्त सहित छह महत्वपूर्ण विभागों का वितरण था। कुल मिलाकर नई सरकार में 11 मंत्रियों को बड़े बजट वाले ताकतवर विभाग मिले हैं। राजस्थान सरकार का कुल बजट 3,90,000 करोड़ रुपये से अधिक है और सात मंत्रियों को ऐसे विभाग सौंपे गए हैं जिनकी पाई में बड़ी हिस्सेदारी है। दूसरी बार विधायक बनीं दीया कुमारी को प्रमुख वित्त विभाग की जिम्मेदारी मिली है, जो आमतौर पर राजस्थान में मुख्यमंत्री के पास रहता है।

शिक्षा विभाग का बजट सबसे बड़ा है और इसकी जिम्मेदारी मदन दिलावर को दी गई है। तीसरे स्थान पर कृषि एवं ग्रामीण विकास आता है,



इसके मंत्री किरोड़ी लाल मीना हैं। हालांकि, शर्मा सरकार ने मंत्रियों को विभागों के बंटवारे में शक्ति संतुलन बनाने की कोशिश की है, लेकिन डॉ. प्रेमचंद बैरवा को दी गई जिम्मेदारी दीया कुमारी जितनी भारी नहीं है। गृह विभाग के बाद वित्त विभाग सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। मुख्यमंत्री शर्मा ने गृह विभाग अपने पास रखा है, जबकि वित्त विभाग की जिम्मेदारी दीया कुमारी को दी गई है। यह विभाग राज्य की दिशा और भविष्य तय करता है तथा राज्य का बजट तैयार करने की मुख्य जिम्मेदारी इसी पर होती है। वित्त मंत्री को विधानसभा में बजट पढ़ने का विशेषाधिकार प्राप्त है और दीया कुमारी को इतनी बड़ी जिम्मेदारी देने के पीछे अनुभव नहीं बल्कि विश्वास है। हालांकि, दीया कुमारी की राह आसान नहीं होगी, क्योंकि राजस्थान पर 5.5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का कर्ज है। उसके सामने कर्ज कम करने और राजस्व बढ़ाने का चुनौतीपूर्ण काम होगा. सीएम के बाद दीया कुमारी इस सरकार में अहम शख्स होंगी।

उन्हें प्रमुख पीडब्ल्यूडी विभाग भी मिला है और राज्य के दूर-दराज के इलाकों को गुणवत्तापूर्ण सड़कों से जोड़ने, मौजूदा सड़कों में सुधार करने और नए जिलों में बुनियादी ढांचा तैयार करने की जिम्मेदारी उनके कंधों पर होगी। दूसरे डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा को परिवहन विभाग दिया गया है, जो महत्वपूर्ण माना जाता है ।

किरोड़ी लाल मीना को कृषि और ग्रामीण विकास जैसे विभाग मिले हैं। मीणा पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार और उसके मंत्रियों के खिलाफ काफी मुखर थे और पेपर लीक समेत हर मुद्दे पर सड़कों पर प्रदर्शन करते थे।




# विकसित भारत संकल्प यात्रा नागरिकों को सीधे तौर पर फायदा पहुंचा रही है: पुरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पलक्कड/भाषा।** केन्द्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने रविवार को कहा कि केन्द्र सरकार के तहत विकास की अवधारणा यह सुनिश्चित करना है कि विकास अंतिम छोर तक और आबादी के सबसे जरूरतमंद वर्ग तक पहुंचे। पुरी ने वर्तमान में जारी विकसित भारत संकल्प यात्रा (वीबीएसवाई) पर संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि नागरिकों को इससे सीधे लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि अनेक योजनाएं बनाई गई हैं और उन्हें लागू किया गया है जिनमें महिलाओं को प्राथमिकता दी गई है। पुरी ने कहा, केन्द्र सरकार के तहत विकास की अवधारणा यह सुनिश्चित करना है कि विकास अंतिम छोर तक और आबादी के सबसे जरूरतमंद वर्ग तक पहुंचे। इससे पहले नागरिकों को उनके लिए बनाई गई योजनाओं का लाभ पाने के लिए अनेक कार्यालयों में जाना पड़ता था। वहीं वीबीएसवाई सीधे नागरिकों को लाभ पहुंचाती है। पुरी ने इस जिले के मनकारा ग्राम पंचायत में वीबीएसवाई कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं कि महिलाओं को नेतृत्व पद पर लाया जाए। पुरी ने कहा, महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का कानून ऐतिहासिक कदम है। मंत्री ने समारोह में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से भी बातचीत की और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के 100 प्रतिशत क्रियान्वयन के लिए मनकारा पंचायत को सम्मानित किया, और उज्ज्वला योजना के तहत निशुल्क गैस कनेक्शन भी दिए।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सबका सम्मान बढ़ा है : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गोरखपुर (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि बीते 10 साल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'सबका सम्मान बढ़ा' है और देश नई ताकत बनकर उभरा है।

रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गोरखपुर के राप्तीनगर और नंदानगर में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के तहत आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा, जब नेतृत्व अच्छा होता है, तो सबका सम्मान बढ़ता है। दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यही हुआ है। उन्होंने कहा, भारत दुनिया में एक नई ताकत बनकर उभरा है। देश का सम्मान बढ़ने से सभी नागरिकों को गौरव की अनुभूति हो रही है। देश में राजमार्ग, रेलवे और हवाई संपर्क का विस्तार हो रहा है। एम्स बन रहे हैं तथा उद्योग स्थापित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन हो रहा है। बिना भेदभाव गरीब कल्याण योजनाओं का लाभ सभी पात्रों को मिल रहा है।

आदित्यनाथ ने इस दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी किया। बयान के अनुसार, दोनों स्थानों पर मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार की योजनाओं का आधार जाति, मत, मजहब या क्षेत्र नहीं है, बल्कि गांव, गरीब, किसान, महिलाएं और नौजवान हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, आज जितनी योजनाएं चल रही हैं, उसकी पहले कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था।

देश में चार करोड़ और उत्तर प्रदेश में 55 लाख लोगों को मुफ्त मकान की सुविधा मिली है। राज्य में 15 करोड़ लोगों को साढ़े तीन साल से मुफ्त राशन मिल रहा है और यह अगले पांच साल तक मिलता रहेगा।

'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के आज के दोनों कार्यक्रमों में आदित्यनाथ ने विभिन्न योजनाओं की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा, बिना भेदभाव योजनाओं का लाभ देना ही मोदी जी की गारंटी है। उन्होंने लाभार्थियों से कहा कि वह अन्य लोगों को भी जागरूक कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाएं।



## राम मंदिर की 'थीम' वाली साड़ियों के ऑर्डर मिलने से बनारसी साड़ी बुनकरों में उत्साह

**वाराणसी/भाषा।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में इसी महीने होने वाले भगवन राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले राम मंदिर की 'थीम' पर बनी बनारसी साड़ियां फैशन की दुनिया में धूम मचाने के लिए तैयार है और बुनकर इन साड़ियों के पल्लुओं को सुंदर बनाने के लिए काम कर रहे हैं। बुनकरों को साड़ियों पर विभिन्न डिजाइन के लिए 'ऑर्डर' मिले हैं, जिनमें साड़ियों के पल्लुओं पर राम मंदिर की आकृति, भगवान राम के जीवन से जुड़ी जानकारी वाले डिजाइन शामिल हैं। मंदिर का पहला चरण पूरा होने वाला है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 जनवरी को राम मंदिर उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे। उच्चतम न्यायालय ने 2019 में ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए एक सदी से भी अधिक समय पुराने मंदिर-मस्जिद विवाद का निपटारा कर दिया था। अदालत ने विवादित स्थल पर राम मंदिर के निर्माण का समर्थन किया था और फैसला सुनाया था कि मस्जिद के निर्माण के लिए वैकल्पिक पांच एकड़ जमीन दी जानी चाहिए।

# ईडी पर हमला मामला: राज्यपाल ने टीएमसी नेता के आतंकवादियों से कथित संबंध की जांच करने को कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने प्राधिकारियों को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हमले के मामले में मुख्य आरोपी व तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता शाहजहां शेख को तुरंत गिरफ्तार करने तथा आतंकवादियों के साथ उनके कथित संबंधों की जांच करने का निर्देश दिया है। बोस ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि टीएमसी नेता ने शायद ''हद पार कर दी''। शेख के आतंकवादियों से कथित संबंध होने की राज्यपाल की टिप्पणियों की सत्तारूढ़ टीएमसी ने रविवार को तीखी आलोचना की। राज भवन द्वारा जारी बयान में कहा गया कि राज्यपाल ने शिकायत मिलने के बाद पुलिस प्रमुख को दोषी को तुरंत गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है। बयान में कहा गया, राज भवन के शांति कक्ष में यह शिकायत मिली कि शाहजहां शेख को कुछ पुलिस अधिकारियों की मिलीभगत के साथ कुछ नेताओं का समर्थन हासिल है, इसके बाद माननीय राज्यपाल ने पुलिस प्रमुख को दोषी को फौरन गिरफ्तार करने और इसके अनुपालन की जानकारी देने का निर्देश दिया।

# अरुणाचल के मुख्यमंत्री ने जनजातीय संस्कृतियों के संरक्षण का आह्वान किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**ईटानगर/भाषा।** अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा है कि उनकी सरकार राज्य में विभिन्न आदिवासी समुदायों की जीवंत संस्कृति को संरक्षित करने को लेकर प्रतिबद्ध है। पेमा खांडू ने शनिवार को ऊपरी सुबनसिरी जिले के दापोरिजो में टैगिन समुदाय के सी-डोनी उत्सव के स्वर्ण जयंती समारोह में भाग लिया और कहा कि राज्य सरकार स्वदेशी संस्कृति की रक्षा के लिए लगातार काम कर रही है।

खांडू ने उत्सव में शामिल होने हेतु आमंत्रित करने के लिए उत्सव आयोजन समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने जीवंत टैगिन संस्कृति और पहचान के संरक्षण के लिए टैगिन सांस्कृतिक सोसाइटी द्वारा दिए गए सुझावों पर ध्यान दिया है। इस अवसर पर केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रीजीजू भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने कहा, सी डोनी उत्सव ने हमारी स्वदेशी संस्कृति के साथ गहरे संबंध को जीवंत कर दिया है... हम इस पर दृढ़ता से काम करेंगे, क्योंकि हमें बदलते समय के साथ अपनी संस्कृति को नष्ट नहीं करना चाहिए।

खांडू ने इस अवसर पर सी डोनी उत्सव मैदान की आधारशिला रखते हुए अधिकारियों से इसे इस तरह से डिजाइन करने को कहा कि पूरा परिसर टैगिन समुदाय की समृद्ध, जीवंत परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करे। खांडू ने राज्य और केंद्र सरकारों द्वारा शुरू की गई विकासात्मक परियोजनाओं का समर्थन करने के लिए लोगों की सराहना की, उन्होंने दावा किया कि इससे जिले का समग्र परिदृश्य बदल गया है। उन्होंने कनेक्टिविटी के बारे में बात करते हुए कहा कि ट्रांस अरुणाचल राजमार्ग का एक हिस्सा जो जिले को राज्य के बाकी हिस्सों से जोड़ेगा, इस साल अप्रैल तक पूरा हो जाएगा।

खांडू ने कहा, इस परियोजना को क्रियान्वित करने वाले लोगों ने मुझे सूचित किया है कि सड़क अगले दो महीनों के भीतर पूरी हो जाएगी और राजमार्ग पर एक पुल अप्रैल तक तैयार हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने डुम्पोरिजो के पास एक हवाई अड्डा स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है।

मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि एक बार जब राजमार्ग बन जाएगा और हवाई अड्डा चालू हो जाएगा, तो जिले में आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी।



## सरना को धर्म के तौर पर मान्यता देने के लिए खूंटी में आदिवासी संगठनों की रैली

**खूंटी/भाषा।** झारखंड के खूंटी जिले में आदिवासी संगठनों ने रविवार को एक रैली निकाली और सरना को एक अलग धर्म के तौर पर मान्यता दिए जाने की मांग की। यह रैली 'सरना धर्मसमन्वय समिति' के बैनर तले कचहरी मैदान में आयोजित की गई थी।

'संयुक्त पहरा महासभा' के जिला अध्यक्ष सोम मुंडा ने कहा कि सरना आस्था को मान्यता देने की आदिवासियों की मांग के पक्ष में रैली का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा, सरना धार्मिक प्रथा प्रकृति को पूजने वाले लाखों श्रद्धालुओं की पहचान और उनकी मौजूदगी को मान्यता देने से जुड़ी हुई है। लेकिन उन्हें उनकी धार्मिक स्वतंत्रता से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, सरना को मानने वालों की संख्या 50 लाख से अधिक है इसके बावजूद उन्हें पहचान नहीं मिली है। इसलिए इस दिशा में एक व्यापक प्रदर्शन की जरूरत है।

## 'ओडिया के लिए ओडिशा': चुनाव से पहले कांग्रेस का नया नारा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भुवनेश्वर/भाषा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय कुमार ने रविवार को आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) और विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राज्य के मामलों में 'बाहरी लोगों' को शामिल करके ओडिशा के आत्मसम्मान के खिलाफ काम कर रहे हैं। 'ओडिया के लिए ओडिशा' (ओडिशा फॉर ओडिया) का नारा बुलंद करते हुए उन्होंने दावा किया कि 'बाहरी लोग' अब राज्य की राजनीति, अर्थव्यवस्था और नौकरशाही में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं, जबकि ओडिया का महत्व दिन-ब-दिन कम होता जा रहा है। उन्होंने कहा, पैंतीस हजार करोड़ रुपए के सरकारी काम के ठेके बाहरी लोगों को दिए गए हैं। (क्या) ओडिशा के पास कोई ठेकेदार नहीं है? राज्य को बाहरी राजनीतिज्ञ चला रहे हैं। राज्य के विधायक, सांसद और मंत्री कहां गायब हो गए हैं?''

ओडिशा के कांग्रेस प्रभारी नियुक्त किए जाने के बाद पहली बार दौरे पर आए कुमार ने आरोप लगाया कि राज्य के बाहर के लोगों ने राजनीतिक पदों के अलावा महत्वपूर्ण नौकरियों, खनन अनुबंधों और व्यवसायों पर 'कब्जा' कर लिया है। उन्होंने यह भी कहा, ओडिशा का सारा पैसा बाहरी लोगों के पास जाता है। यही वजह है कि ओडिशा एक गरीब राज्य बना हुआ है। कुमार ने दावा किया कि बीजू जनता दल, भाजपा के साथ काम कर रहा है और राज्य की 21 लोकसभा सीट में से 15 पर उसके उम्मीदवारों को निर्वाचित होने में मदद करेगा। उन्होंने कहा, क्या आपने ओडिशा में सीबीआई और ईडी की कोई छापेमारी देखी है? विभिन्न राज्यों में छापेमारी कर रही केंद्रीय एजेंसियां ओडिशा को भूल गई हैं।



## टीएमसी में पुराने नेताओं व नई पीढ़ी के बीच कोई मतभेद नहीं: अभिषेक बनर्जी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**डायमंड हार्बर (पश्चिम बंगाल)/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने रविवार को इस बात पर जोर दिया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व में पार्टी एकजुट है और पुराने नेताओं एवं नई पीढ़ी के बीच कोई मतभेद नहीं है। टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक ने इन आरोपों को खारिज कर दिया कि वह पार्टी के भीतर निष्क्रिय होने का इरादा रखते हैं। उन्होंने ऐसी खबरों को ''गलत और निराधार'' करार दिया।

पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक ने दक्षिण 24 परगना जिले के डायमंड हार्बर में एक कार्यक्रम के दौरान कहा, पिछले कुछ दिनों में पार्टी के पुराने और नए सदस्यों के बीच मतभेद की खबरें आई हैं। हालांकि, मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि पार्टी हमारी सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में एकजुट है। डायमंड हार्बर सांसद अभिषेक ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए एकजुट होकर काम करने के प्रति पार्टी की सामूहिक प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए स्पष्ट किया, टीएमसी में पुराने नेताओं और नई पीढ़ी के बीच कोई मतभेद नहीं है। उन्होंने इन दावों को खारिज कर दिया कि वह पार्टी की गतिविधियों से पीछे हटने की योजना बना रहे हैं। अभिषेक ने कहा, ऐसी खबरें कि मैंने पार्टी में निष्क्रिय होने का फैसला किया है, गलत हैं।

## अखिलेश ने पूछा, क्या किसान व बेरोजगार युवा विकसित भारत संकल्प यात्रा का हिस्सा हैं?



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' पर कटाक्ष करते हुए पूछा कि क्या किसान भी इस यात्रा का हिस्सा हैं या नहीं? यादव ने यहां पार्टी दफ्तर में संवाददाताओं से कहा, विकसित भारत का सपना दिखाने वाली सरकार ने भारत को विकसित बनाने के साथ-साथ किसानों की आय दोगुनी करने का दावा किया है। क्या किसान विकसित भारत के अभियान में हैं या नहीं? क्या किसानों की समृद्धि के बिना विकसित भारत संभव है? उन्होंने कहा, क्या विकसित भारत ने युवाओं के बारे में बात की है? जो युवा बेरोजगार हैं और जिन्हें नौकरी नहीं मिली है, क्या वे 'विकसित भारत' का हिस्सा हैं?

सपा प्रमुख ने यह भी जानना चाहा कि भाजपा ने ऐसा कौन सा निर्णय लिया है जिससे बड़ी संख्या में युवाओं को नौकरियां मिली हैं। उन्होंने कहा, हमारे मुख्यमंत्री (योगी आदित्यनाथ) से पूछिए कि 40 लाख करोड़ रुपए के निवेश का जो सपना दिखाया था, उनमें से कितना निवेश जमीन तक पहुंचा है? अगर निवेश जमीन तक पहुंचा है तो कितने युवाओं को नौकरियां मिल गई हैं?

## सपा प्रमुख अपने गिरेबान में झांकें भाजपा को आगे बढ़ाने में उनका दामन कितना दागदार : मायावती



**लखनऊ/भाषा।** बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के उस बयान पर पलटवार किया, जिसमें उन्होंने बसपा की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए थे। मायावती ने कहा कि बसपा पर अनर्गल तंज कसने से पहले सपा प्रमुख को अपने गिरेबान में झांककर जरूर देखना चाहिए कि भाजपा को आगे बढ़ाने व मेलजोल में उनका दामन कितना दागदार है। अखिलेश ने बलिया दौरे के दौरान मायावती के 'इंडिया' गठबंधन में शामिल होने पर गठबंधन के मजबूत होने को लेकर पूछे गए सवाल पर 'मायावती पर भरोसे के संकट' की बात कही थी। बयान को लेकर मायावती ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, अपनी व अपनी सरकार की खासकर दलित-विरोधी रही आदतों, नीतियों व कार्यशैली आदि से मजबूर सपा प्रमुख द्वारा बीएसपी पर अनर्गल तंज कसने से पहले उन्हें अपने गिरेबान में भी झांक कर जरूर देख लेना चाहिए कि उनका दामन भाजपा को बढ़ाने व उनसे मेलजोल के मामले में कितना दागदार है।

## केजरीवाल ने भाजपा पर 'आदिवासी विरोधी' होने का आरोप लगाया



**नेत्रंग (गुजरात)/भाषा।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आदिवासी-विरोधी होने का आरोप लगाया और दावा किया कि आम आदमी पार्टी (आप) के गुजरात के विधायक चैतर वसावा को पिछले महीने इसलिए गिरफ्तार किया गया था, क्योंकि उन्होंने आदिवासी समुदाय के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी थी।

पंजाब के अपने समकक्ष भगवंत मान के साथ गुजरात के भरूच जिले के नेत्रंग में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने यह भी कहा कि वसावा अगले कुछ महीनों में होने वाले आम चुनावों में भरूच लोकसभा सीट से आप के उम्मीदवार होंगे। डेडियापाड़ा से विधायक और आप के राज्य कार्यकारी अध्यक्ष वसावा को 14 दिसंबर, 2023 को नर्मदा जिले में स्थानीय आदिवासियों द्वारा वन भूमि की खेती से संबंधित एक मुद्दे को सुलझाने की कोशिश करते समय वन अधिकारियों को धमकी देने और हवा में गोलीबारी करने के मामले में आत्मसमर्पण करने के बाद गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में उनकी पत्नी को भी गिरफ्तार किया गया था। केजरीवाल ने दावा किया कि आदिवासी नेता वसावा को भाजपा में शामिल होने पर करोड़ों रुपए और सरकार में मंत्री पद का लालच दिया गया था, जिसे आप विधायक ने अस्वीकार कर दिया, क्योंकि वह अपने ही समुदाय को धोखा नहीं दे सकते। उन्होंने आप विधायक के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करते हुए दावा किया, भाजपा वसावा से डरी हुई है और समुदाय को यह संदेश देने के लिए उसे दबाने की कोशिश कर रही है कि अगर कोई इसके (भाजपा के) खिलाफ आवाज उठाने की कोशिश करेगा, तो उसे कुचल दिया जाएगा।

# केंद्र में विपक्षी दलों के गठबंधन की सरकार बनने पर अग्निवीर योजना को खत्म करेंगे: जयंत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**मेरठ (उप्र)/भाषा।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रमुख जयंत चौधरी ने रविवार को कहा कि केंद्र में 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की सरकार बनने पर सबसे पहले अग्निवीर योजना को खत्म किया जाएगा। विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' के घटक रालोद द्वारा साईं धाम कॉलोनी मैदान में आयोजित युवा

संसद में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए जयंत चौधरी ने कहा, अगर केंद्र में 'इंडिया' की सरकार बनेगी तो सबसे पहले अग्निवीर योजना को खत्म करेंगे। उन्होंने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन युवाओं के सपनों को पूरा करने के लिए काम करेगा।

चौधरी ने युवाओं से 2024 में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि इस गठबंधन की सरकार आने पर अग्निवीर भर्ती योजना को ही खत्म नहीं किया जाएगा, बल्कि नौजवानों को प्राथमिकता से रोजगार भी दिया जाएगा। चौधरी ने किसी का नाम लिए बगैर कहा, आज कुछ लोग कहते हैं कि एक आदमी ही देश को चला रहा है, लेकिन देश में इतने काबिल युवा हैं जो उनसे अच्छा देश चलाएंगे। इनको आगे आना होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तंज करते हुए रालोद प्रमुख ने कहा, लोग ठंड में ठिठुर रहे हैं और मोदी जी बीच (समुद्र तट) का आनंद ले रहे हैं। कौन कहता है मोदी जी अकेले हैं। उनके साथ तो मेकअप वाले, कैमरा वाले, भाषण लिखने वालों की फौज रहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अधिकारियों को जनहित के काम नहीं करने दे रही है और उन्हें 2047 में 'विकसित भारत' के खोखले सपने में लगाया जा रहा है। चौधरी ने कहा कि सरकार को

## भाजपा ने सिक्किम में राज्यसभा चुनाव के लिए दोरजी शेरिंग लेप्चा को बनाया उम्मीदवार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गंगटोक/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सिक्किम में होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए विधायक दोरजी शेरिंग लेप्चा को रविवार को अपना उम्मीदवार बनाने की घोषणा की। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने एक बयान में कहा कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने 19 जनवरी के चुनाव के लिए लेप्चा के नाम को मंजूरी दे दी है।

लेप्चा वर्तमान में पाक्योंग जिले की ग्नथांग माचोंग सीट से विधायक हैं। लेप्चा पिछली सिक्किम लोकतांत्रिक मोर्चा (एसडीएफ) सरकार में दो बार मंत्री रह चुके हैं और 2019 विधानसभा चुनाव के बाद पार्टी के नौ अन्य विधायकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए थे। इसके बाद सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) की सरकार बनी थी। मंत्री के रूप में लेप्चा के पास भवन एवं आवास और परिवहन जैसे विभाग थे। राज्य की एकमात्र राज्यसभा सीट वर्तमान में विपक्षी एसडीएफ के हिशे लाचुंगपा के पास है। उनका कार्यकाल 23 फरवरी को समाप्त हो रहा है। बत्तीस सदस्यीय सिक्किम विधानसभा में एसकेएम के 19, भाजपा के 12 और एसडीएफ के एक सदस्य हैं।

एसकेएम और एसडीएफ ने अभी तक चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। एसकेएम भाजपा के नेतृत्व वाले राजग का हिस्सा है, लेकिन दोनों दल राज्य में एक साथ नहीं हैं।

## सुविचार

**इतनी ठोकरे देने के लिए शुक्रिया ए-ज़िन्दगी, चलने का न सही, सम्भलने का हुनर तो आ गया।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# मालदीव: पर्दे के पीछे कौन?

ऐसा प्रतीत होता है कि इन दिनों मालदीव के कई नेताओं ने भारत से संबंध बिगाड़ने के लिए कोई प्रतिज्ञा कर रखी है। राष्ट्रपति तो राष्ट्रपति, मंत्री और कई नागरिक भी इसी ढर्रे पर चल पड़े हैं। कोई भड़काऊ बयानबाजी कर रहा है, तो कोई सोशल मीडिया पर गैर-जरूरी टीका-टिप्पणी कर रहा है। क्या ये जानते नहीं कि इस कदम का क्या नतीजा हो सकता है? मोहम्मद मुइज्जू राष्ट्रपति बनने के बाद अपरिपक्व नेता की तरह व्यवहार कर रहे हैं। बल्कि वे इस पद तक पहुंचने से पहले ही भारत-विरोधी रुख अपनाकर अपनी मंशा जाहिर कर चुके थे। अब इस देश के मंत्रियों ने सोशल मीडिया पर भारतीय प्रधानमंत्री के बारे में जो टिप्पणियां की हैं, उनसे स्पष्ट होता है कि मालदीव सरकार की ओर से जो खबरें आ रही हैं, वे किसी संयोग का परिणाम नहीं हैं। मुइज्जू चीन के इशारे पर खेल रहे हैं। वे तुर्की और पाकिस्तान से 'यारी' निभाने के लिए भारत के साथ संबंध बिगाड़ने को आमादा हैं। वे यह भूल रहे हैं कि जब-जब मालदीव पर किसी तरह का संकट आया, सबसे पहले मदद का हाथ भारत ने आगे बढ़ाया है। करीब सवा पांच लाख की आबादी वाले इस देश को भारत ने सदैव अपना घनिष्ठ मित्र माना है। जब कभी मालदीव में आर्थिक समस्या आई, भारत ने अपने खजाने से राशि भेजने में देर नहीं की। साल 1988 में भारतीय सुरक्षा बल इसकी रक्षा करने के लिए आगे आए थे। कोरोना काल में विदेशों में फंसे मालदीव के नागरिकों को भारत के विमान सकुशल लेकर आए थे। भारत ने मालदीव में राजनीतिक स्थिरता और खुशहाली, दोनों का बहुत ख़याल रखा है। आज इस देश को बहुत कम कीमत पर दवाइयां, खाद्यान्न, तकनीकी उपकरण, डेयरी उत्पाद आदि मिल रहे हैं, तो इसके पीछे भारत सरकार का सहयोग है।

अगर मालदीव के नेता इसी तरह भारत-विरोधी रुख पर कायम रहे तो भविष्य में उनके देश को कई मुश्किल हालात का सामना करना पड़ सकता है। मालदीव क्या पैदा करता है? वहां बड़े कारखाने नहीं हैं। खेती भी इतनी नहीं होती कि उससे पूरी आबादी का पेट भर सके। कमाई का सबसे बड़ा स्रोत पर्यटन है, जिसका बहुत बड़ा हिस्सा भारतीय पर्यटकों से आता है। भारत के फिल्मी सितारे, खिलाड़ी और अन्य पर्यटक मालदीव के होटल व खानपान उद्योग का नि:शुल्क प्रचार करते रहे हैं। सोशल मीडिया पर उनके वीडियो, तस्वीरें, रिव्यू देखकर दूर-दूर से पर्यटक यहां आते हैं। मालदीव के नेताओं के हालिया बयानों के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने लक्षद्वीप जाकर उसके प्राकृतिक सौंदर्य को सोशल मीडिया पर जिस तरह प्रस्तुत किया, उससे यहां पर्यटन को बहुत बढ़ावा मिलने की संभावना है। यह कहना गलत नहीं होगा कि भारत में कई लोगों ने पहली बार देखा कि लक्षद्वीप इतना सुंदर है! वास्तव में हमने लक्षद्वीप में छिपीं पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ावा देने के लिए अपनी शक्ति व सामर्थ्य का पूरा उपयोग नहीं किया है। अगर यहां पर्यटकों के लिए और सुविधाएं बढ़ाई जाएं तथा सोशल मीडिया पर समुचित प्रचार-प्रसार किया जाए तो कुछ ही वर्षों में इधर पर्यटन उद्योग बहुत बड़ा आकार ले सकता है। इससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के कई अवसर सृजित होंगे। पर्यटन बढ़ेगा तो निवेश भी आएगा। फिर, आज जो पर्यटक मालदीव जा रहे हैं, वे लक्षद्वीप का रुख करेंगे। इससे भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ेगा। लक्षद्वीप के अलावा केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु और अन्य राज्यों के विभिन्न तटवर्ती इलाकों को पर्यटन की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए विकसित करना चाहिए। यहां विपुल संभावनाएं हैं। यूरोप के कई देश, जिनका (भारत की तुलना में) न तो ज्यादा पुराना इतिहास है, न ज्यादा क्षेत्रफल है, न समृद्ध खानपान है और न ही इतनी भौगोलिक विविधताएं हैं, लेकिन वे अपने संसाधनों का इस तरह प्रबंधन करते हैं कि दुनिया के हर देश से पर्यटक वहां जाने के लिए लालायित रहते हैं। हमें भी अपने देश के संसाधनों और क्षमताओं का अधिक कुशलता से उपयोग करते हुए पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयास करने होंगे। जहां तक मालदीव के नेताओं की बयानबाजी का सवाल है, तो वे भविष्य में खुद जान जाएंगे कि चीन, तुर्की और पाकिस्तान उनके कितने हितैषी हैं!

## ट्वीटर टॉक



अयोध्या में प्रभु श्री राम के दिव्य-भव्य मंदिर में राम लला के आगमन का इंतजार खत्म होने वाला है। देशभर के मेरे परिवारजनों को उनकी प्राण-प्रतिष्ठा की बेसब्री से प्रतीक्षा है। उनके स्वागत में गीताबेन रबारी जी का ये भजन भावविभोर करने वाला है।

**-नरेन्द्र मोदी**



आरपीएससी द्वारा आयोजित सहायक आचार्य, पुस्तकालय अध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले समस्त अभ्यर्थियों को मेरी ओर से शुभकामनाएं।आप सभी बिना किसी तनाव या दबाव को महसूस किए, एकाग्र होकर एवं मन लगा कर परीक्षा दीजिए।

**-भजनलाल शर्मा**




माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। अब हर घर तक सरकार की कल्याणकारी योजनाएं पहुंच रही हैं। आप सभी सरकार की जनहितैषी योजनाओं का लाभ लेने सादर आमंत्रित हैं।

**-राज्यवर्धनसिंह राठौड़**

## प्रेरक प्रसंग

# तार्किक सबक



महात्मा बुद्ध एक बार भिक्षा मांगने जा रहे थे, रास्ते में उन्हें एक घर दिखाई दिया। घर की मालकिन बहुत झगड़ालू थी। कुछ को भिक्षा मांगते देख उन्हें अपशब्द कहने लगी किंतु महात्मा बुद्ध शांत भाव से उसकी बातें सुनते रहे। उनके शांत चेहरे को देखा तो उनका क्रोध दोगुना हो गया। जब वह कुछ शांत हुई तो उन्होंने स्त्री से पूछा, मां यदि मैं आपका दिया भोजन स्वीकार नहीं करूं तो बताइए वह भोजन किसके पास रहेगा? वह स्त्री बोली, मेरे पास ही रहेगा। महात्मा बुद्ध मुस्कुराए और बोले यदि मैं आपके द्वारा बोले गए अपशब्दों को भी स्वीकार न करूं तो क्या होगा? यह सुनकर वह स्त्री बहुत शर्मिंदा हुई। उसने भगवान बुद्ध से क्षमा मांगी।

## सामयिक

# ईडी के खिलाफ खुली अराजकता का दुस्साहस कब तक?

**ललित गर्ग**
**मोबाइल : 9811051133**

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखली में 5 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जब कथित राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में कई लोकेशन पर छापेमारी करने गयी तब टीएमसी के कार्यकर्ता एवं गांव के लोगों ने टीम पर जानलेवा एवं हिंसक हमला बोल दिया, जो न केवल शर्मनाक बल्कि कानून-व्यवस्था को तार-तार करने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। राशन घोटाले के आरोपी टीएमसी नेता शाहजहां शेख के घर पर लगे ताले को तोड़ने की ईडी कार्रवाई के दौरान उन पर यह घातक हमला किया है। ईडी के अधिकारियों पर तृणमूल कांग्रेस के इस नेता के समर्थकों ने जिस तरह हमला करने के साथ उनके वाहनों में तोड़फोड़ की, वह इस केंद्रीय एजेंसी के खिलाफ खुली अराजकता के साथ दुस्साहस का भी परिचायक है। ईडी अधिकारियों पर हमला करने वाले कितने बेखौफ थे, इसका पता इससे चलता है कि उन्होंने इन अधिकारियों की सुरक्षा के लिए साथ गए केंद्रीय बल के जवानों पर भी हमला बोल दिया। आखिर जांच दल को बिना कार्रवाई के वापस लौटना पड़ा। हालांकि पश्चिम बंगाल में यह पहली अराजक, उन्मादी, गैरकानूनी घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार जांचों में बाधा डालने, जांच दल को रोकने की हिंसक कार्रवाई होती रही है। स्पष्ट है कि ममता शासन में तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता कानून अपने हाथ में लेने से तनिक नहीं हिचकते, बल्कि ममता बनर्जी खुद अपने समर्थकों-कार्यकर्ताओं के निरंकुश आचरण, उपद्रव, उद्दण्डता, हिंसक एवं उन्मादी गतिविधियों का बचाव करने उतर आती है। इससे संवैधानिक संस्थाओं का अस्तित्व एवं अस्मिता कैसे सुरक्षित रह पायेगी?

आजकल देश में कहीं भी विपक्षी दलों एवं उनकी सरकारों से जुड़े घोटालों एवं अनियमितता पर सरकारी एजेंसियों की कार्रवाई को राजनीतिक बदले की कार्रवाई बताते हुए उसका विरोध शुरु हो जाता है। ईडी के लिए इस तरह के आरोप नए नहीं हैं, बल्कि आजकल तो जैसे ही वह किसी मामले की जांच शुरू करती है, तुरंत ही आरोप लगने शुरू हो जाते हैं कि यह काम राजनीतिक बदले की भावना से किया जा रहा है। ऐसी संस्था कैसे निष्पक्ष दिखाई दे एवं कैसे स्वतंत्र होकर अपना काम करे? पश्चिम बंगाल में जो हुआ, वह उसका तरीका नहीं है, वह आपत्तिजनक और आपराधिक है। ममता की तानाशाही का ही परिणाम है कि उनके कार्यकर्ता बेखौफ हर चीज का फैसला अपने ढंग से करना-कराना चाहते और इसके लिये खुलेआम हिंसा एवं अराजकता का सहारा लेते हैं। पश्चिम बंगाल के लिए यह नई बात नहीं है, चुनावी हिंसा एवं प्रतिहिंसा तो वहां लगातार चलती रहती है। अगर कोई व्यक्ति अंगुली उठाता है या विरोध करता है तो उसकी जान पर बन आती है। ममता खुद मुख्यमंत्री होकर अपने एक कार्यकर्ता छुडाने एक बार थाने पहुंच गयी थी, स्वाभाविक ही है कि वे अपने कार्यकर्ताओं का गलत एवं अलोकतांत्रिक तरीके से समर्थन एवं सहयोग करती है जिससे उनका मनोबल बढ़ा है। ऐसे ममता समर्थक एवं कार्यकर्ता सरकार को अपनी पोकेट में मालते हुए न केवल कानून की धज्जियां उड़ाते हैं बल्कि सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का भी दुरुपयोग करते हैं। गरीबों को बांटे जाने वाले राशन का करीब तीस प्रतिशत खुले बाजार में बेच दिया जाता है और उसका लाभ बिचौलिये एवं टीएमसी कार्यकर्ता आपस में बांट लेते है। इस तरह का भ्रष्टाचार वहां आम है। वहां ऐसे मामलों में भी राजनीति सड़कों पर की जाती है, जो अक्सर हिंसक एवं अराजक हो जाती है। ईडी को लेकर राजनीति करने के आरोप अनेक जगहों पर लगाए गए हैं, लेकिन बंगाल जैसे दुखद व शर्मनाक दृश्य कहीं और देखने को नहीं मिले हैं।

ममता के शासन में अराजकता एवं अपराध बिखरे हैं। वहां हर दिखते समर्पण की पीठ पर स्वार्थ चढ़ा हुआ है। इसी प्रकार हर अभिव्यक्ति में कहीं न कहीं स्वार्थ है, किसी न किसी को नुकसान पहुंचाने की ओछी मनोवृत्ति है। वहां आज हर हाथ में पत्थर है। वहां के समाज में नायक कम खलनायक ज्यादा हैं। प्रसिद्ध शायर नज्मी ने कहा



है कि अपनी खिड़कियों के कांच न बदलो नज्मी, अभी लोगों ने अपने हाथ से पत्थर नहीं फेंके हैं। डर पत्थर से नहीं डर उस हाथ से है, जिसने पत्थर पकड़ रखा है। पश्चिम बंगाल में हर टीएमसी कार्यकर्ता ने पत्थर पकड़ रखा है, कानून एवं व्यवस्था नाम की कोई चीज वहां नहीं है। ईडी के अधिकारी तृणमूल कांग्रेस के जिस नेता के घर छापेमारी करने गए थे, वह करोड़ों रुपये के राशन घोटाले में गिरफ्तार राज्य मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक का करीबी है। यदि ईडी अधिकारियों का यह कथन सही है तो बेहद गंभीर बात है।

पश्चिम बंगाल में आर्थिक अपराध एवं घोटाले बड़े पैमाने पर हो रहे हैं, इन्हीं में से कुछ पर ईडी और सीबीआई जांच कर रही है। इन मामलों में तृणमूल कांग्रेस के विधायक और मंत्री भी आरोपित हैं। हालांकि इनमें से कई मामलों की जांच कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर हो रही है, फिर भी ममता सरकार का यही आरोप रहता है कि केंद्रीय जांच एजेंसियां उनके नेताओं के खिलाफ राजनीतिक बदले की भावना के तहत कार्रवाई कर रही है। यदि उसे वास्तव में ऐसा ही लगता है कि वे बेदाग है, तो फिर घपले-घोटालों के गंभीर आरोपों से घिरे उसके नेताओं को अदालत का दरवाजा खटखटाना चाहिए, अपने पक्ष में सबूत और तर्क पेश करने चाहिए। इस तरह लाठी-डंडे के जोर पर वे कब तक हकीकत एवं सच्चाई पर पर्दा डालने में कामयाब हो सकते हैं। आये दिन ऐसे लोग, विषवमन करते हैं, प्रहार करते रहते हैं, चरित्र-हनन करते रहते हैं, सद्भावना और शांति को भंग करते रहते हैं। उन्हें प्रांत में शांति, आदर्श-निष्पक्ष शासन-व्यवस्था, भाईचारे और एकता से कोई वास्ता नहीं होता। ऐसे घाव कर देते हैं जो हथियार भी नहीं करते। किसी भी टूट, गिरावट, दंगों व युद्धों तक की शुरूआत ऐसी ही बातों से होती है।

यह बिल्कुल भी ठीक नहीं है कि गैर भाजपा शासित राज्यों में ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों को अपनी सुरक्षा के लिए केंद्रीय बलों पर निर्भर रहना पड़े। बंगाल में उन्हें ऐसा ही करना पड़ा। ऐसी ही स्थितियां अन्य गैर-भाजपा राज्यों में है। दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल और झारखण्ड में हेमंत सोरेन दोनों ही मुख्यमंत्रियों को ईडी बार बार समन भेज रहा है, लेकिन कोई भी पेश नहीं हो रहा है। केन्द्रीय एजेंसियों की इस तरह की अवमानना और वह भी मुख्यमंत्रियों के माध्यम से आश्चर्यकारी है एवं असंवैधानिक है। केन्द्रीय एजेंसियों के लिये काम करना आसान नहीं, बल्कि चुनौती एवं संकटपूर्ण होता रहा है। बढ़ते संकटों एवं सुरक्षा कारणों से ईडी को केंद्रीय बल के जवानों की छाया में काम करने को विवश होना गंभीर स्थिति को दर्शाता है। तमिलनाडु में राज्य पुलिस की ओर से एक ईडी अधिकारी को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किए जाने के बाद इस केंद्रीय एजेंसी के दफ्तर की सुरक्षा केंद्रीय बल के जवानों को सौंपनी पड़ी थी। ऐसा इसलिए करना पड़ा था, क्योंकि उक्त अधिकारी को गिरफ्तार करने के बाद तमिलनाडु पुलिस ईडी के दफ्तर में छापेमारी करने पहुंच गई थी। केंद्र सरकार को झारखण्ड में भी ईडी के एक अधिकारी को सुरक्षा मुहैया करानी पड़ी थी। यह स्थिति संघीय ढांचे की मूल भावना के खिलाफ है। जिन भी दलों के नेता ईडी अथवा सीबीआई जांच का सामना कर रहे हैं, वे यह रोना रोता हैं कि उन्हें राजनीतिक कारणों से निशाना बनाया जा रहा है, लेकिन यह नहीं बता पाते कि उनके जैसे कई नेताओं को जमानत क्यों नहीं मिल पा रही है? वे खुद को बेगुनाह साबित करने के लिये कानून का सहारा क्यों नहीं लेते? क्यो गैर-कानूनी तरीकों से खुद हथियार उठाकर नितांत आपत्तिजनक तरीके से न्याय करने चल पड़ते हैं। ऐसी स्थिति एक आदर्श शासन-व्यवस्था पर सवालिया निशान है।

## नजरिया

# पशुपतिनाथ मंदिर में जयशंकर

**प्रवीण गुगनानी**
**मोबाइल : 9425002270**

हमारे विदेशमंत्री एस जयशंकर जी वर्ष दो हज़ार चौबीस की अपनी पहली यात्रा में नेपाल गये। समय बड़ा ही प्रासंगिक है, जिसे कि परफ़ेक्ट टाइमिंग कहा जाता है। इधर अयोध्या में नेपाल से आई शालिग्राम शिलाओं से शिल्पित मूर्तियों का पूजन प्रारंभ होना है और उधर एस. जयशंकर काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में ॐ नमः शिवाय कर आये। एक ऐसा देश जो आज भी अपनी मानसिकता से एक हिंदू राष्ट्र है, एक ऐसा देश जहां गौवंश हत्या प्रतिबंधित है, एक ऐसा देश जहां धर्मांतरण प्रतिबंधित है और एक ऐसा देश जिसकी सीमाएं हमारे पांच राज्यों से मिलती हों; उससे हमारे केवल कूटनीतिक ही नहीं अपितु सभी प्रकार के संबंध सुदृढ़ होना ही चाहिये। अट्ठारह सौ पचास किमी की सांझी सीमा वाले भारत और नेपाल वस्तुतः एक ही संस्कृति, भाषा, धर्म, इतिहास, पूर्वज वाले देश हैं।

कुछ समय पूर्व तक चीन के संक्रमण में चल रहे नेपाल की यह भारतीय विदेश मंत्री जी की आधिकारिक यात्रा अनेक दृष्टियों से एक इतिहास लिखने जा रही है। सबसे बड़ी बात यही है कि, नेपाल अब पुनः भारतोन्मुखी हो रहा है। एस जयशंकर जी ने नेपाल में एक पुस्तकालय, पच्चीस विद्यालय, बत्तीस स्वास्थ्य परियोजनाओं व एक सांस्कृतिक विरासत क्षेत्र परियोजना का शुभारंभ किया है।

चीनी ड्रैगन को झटका देते हुए भारत ने नेपाल के साथ एक बड़े ऊर्जा समझौते को आगे बढ़ा लिया है। भारत नेपाल के मध्य दस हज़ार मेगावाट की बिजली क्रय करने के इस समझौते पर बीजिंग लगातार गिद्ध दृष्टि गड़ाये हुए था व इस अनुबंध का मुखर विरोध कर रहा था और नेपाल को भयभीत भी कर रहा था। भारत के सहयोग से कई हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट विकसित करने वाले नेपाल के साथ अब भारत आगे भी नेपाल के साथ ऊर्जा परियोजनाओं को प्रारंभ करने का मार्ग खोल चुका है। रोटी और बेटी के संबंध वाले भारत नेपाल के हाइड्रोपाइवर सेक्टर पर चीन की तिरछी नज़र कई वर्षों से लगी हुई थी। इसी हाइड्रोपॉवर पर नज़र गड़ाये चीन ने बड़ी सक्रियता से बिल्ड एंड रोड नाम की चीनी पहल के माध्यम से नेपाल में सड़कें बनाई हैं। भारतीय विदेश नीति ने हाल ही में किए गये अपने प्रयासों से नेपाल के हाइड्रोपॉवर का दोहन करने का अपना तंत्र बड़ी ही प्रभावशाली रीति नीति से विकसित करके चीन को मात दे दी है। अब नेपाल की छः हज़ार नदियों के तंत्र से बनी बयालीस हज़ार किलोवॉट बिजली उत्पादन क्षमता का भारत द्वारा व्यवस्थित उपयोग किया जा सकेगा। फॉरेन पॉलिसी रिसर्च इंस्टीट्यूट के अनुसार, चीन और भारत के रूप में एशिया की दो बड़ी ताकतों के बीच नेपाल खुद को असहज पाता है; किंतु यह सत्य नहीं है। नेपाल चीन के साथ असहज है क्योंकि उसके साथ नेपाल अर्थशक्ति व सैन्यशक्ति के दबाव में रहता है व उनके संबंध कृत्रिम हैं जबकि भारत नेपाल की ओर सहज सहोदर की दृष्टि से देखता है और इसी अनुरूप आचरण भी करता है। अब के दौर में अवश्य चीन व भारत के मध्य नेपाल पर प्रभाव को लेकर प्रतिद्वंदिता का वातावरण बना हुआ है। 6000 नदियों के साथ नेपाल के पास 42,000 मेगावाट बिजली उत्पादन की क्षमता है।

नेपाल व भारत का संबंध तो वैदिक काल से रहा है। वेदों में व अन्य प्राचीनतम शास्त्रों में भारत के ही एक अंग के रूप नेपाल का उल्लेख होता रहा है। नेपाल व भारत की सांझी ऐतिहासिक विरासत इस प्रकार की है कि नेपाल स्वयं को भारत से दूर कर ही नहीं सकता है। मध्य मध्य में नेपाल के कुछ राष्ट्राध्यक्षों के कार्यकाल में, चीन के कूटनीतिक प्रभाव ने अपना रंग अवश्य दिखाया था। नेपाल भारत की जनता मानसिकता के स्तर पर इस प्रकार जुड़ी हुई है कि नेपाली शासन द्वारा चीन की ओर बढ़ाये गये कदमों को उन्हें वापिस लेना ही पड़ता है।

भारत की ओर से नेपाल संग संबंधों को आर्थिक, कूटनीतिक, सामरिक, सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक आधार देने हेतु समय समय पर बड़प्पन भरे कदम उठाये जाते रहे हैं। पिछले ही वर्ष भारत ने इस दिशा में एक ओर बड़ा कदम उठाया था जब हमने अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के विग्रहों के निर्माण हेतु शालिग्राम की बड़ी बड़ी शिलाएं नेपाल के पोखरा की गंडकी नदी से निकलवाकर बुलवाई थी। अयोध्या जो कि शीघ्र ही भारत की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में समूचे विश्व में प्रसिद्ध होने वाला है, वहां के मंदिरों में, मूर्ति निर्माण हेतु, नेपाल के पत्थर का उपयोग निश्चित ही भारत-नेपाल के संबंधों को एक सांस्कृतिक आधार प्रदान करेगा। यह एक प्रकार का भावनात्मक संबंध होगा जिसे क्षीण या दुर्बल करना दोनों देशों के शासनाध्यक्षों के बस में भी नहीं होगा।

जब इन शिलाओं को भारत लाया जा रहा था तो भारत व नेपाल के दीर्घ सड़क मार्ग पर इन शिलाओं का करोड़ों भारतीयों व नेपालियों ने भावभीना पूजन किया था। इन शिलाओं को भारत लाते समय नेपाल व भारत के कई राजनेता, गणमान्य नागरिक व सामान्य जनता ने इन ट्रकों के साथ कई कई किमी पदयात्रा की थी। यह भारत नेपाल के प्राचीन सांस्कृतिक संबंधों का एक नवीन स्वरूप था जो भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल्पनाशक्ति का परिणाम है। अब नेपाल व भारत की कई कई आगामी पीढ़ियां इस बात पर गर्व करेंगी कि भारत की सांस्कृतिक राजधानी अयोध्या में जन्मभूमि मंदिर में विराजित प्रतिमाओं का शिलाएं भगवान पशुपतिनाथ जी की ओर से भेजी गई थी।

इस आधारभूमि पर विकसित हुई अपनी नेपाल यात्रा में एस जयशंकर ने प्रधानमंत्री प्रचंड, राष्ट्रपति पौडेल सहित कई राजनेताओं से स्नेहवार्ता की है। इस यात्रा में भारत ने नेपाल के प्रति जहां अत्यंत स्नेहपूर्ण व्यवहार प्रस्तुत किया है वहीं भारत ने नेपाल में चीन द्वारा निर्मित पोखरा व भैरवा हवाईअड्डों को मार्ग देने के प्रस्ताव को पुनः सुदृढ़ता से नकार दिया है। नेपाल की पूर्व ओली सरकार ने भारत के विरोध के पश्चात भी इन हवाईअड्डों का निर्माण ठेका चीन को दे दिया था। भारत ने अपने विदेशमंत्री की इस यात्रा के मुख्य उद्देश्य; कनेक्टिविटी, डिजिटल भुगतान और व्यापार सहित विभिन्न क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग में वृद्धि; को प्राप्त कर लिया है। अब भारत आगामी दस वर्षों में नेपाल से दस हज़ार मेगावाट बिजली लेगा। इस हेतु ट्रांसमिशन लाइनों का उद्घाटन कर दिया गया है। हमारे विदेशमंत्री एस जयशंकर ने नेपाल में पुनर्निर्माण परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपने पड़ोसियों विशेष रूप से नेपाल के साथ अपने संबंधों को फिर से परिभाषित करने के लिए प्रतिबद्ध है। वे यह भी बोले कि, विगत वर्ष आए भूकंप से प्रभावित नेपाल में बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण के लिए भारत 75 मिलियन डॉलर (करीब 1000 करोड़ नेपाली रुपये) का वित्तीय पैकेज देगा।

## मुद्दा

# बंगाल में रक्तरंजित चुनाव की आहट

**बाल मुकुन्द ओझा**
**मोबाइल : 9414441218**

पश्चिम बंगाल में स्वतंत्र, निष्पक्ष और भय रहित चुनाव कराना भारत चुनाव आयोग के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इस राज्य में हिंसा अब एक परंपरा जैसी बन गई है और कोई भी चुनाव इससे अपवाद नहीं रहा। अगले दो महीनों में लोकसभा चुनाव का विधिवत आगाज़ हो जायेगा। मगर रक्तरंजित चुनाव की आहट अभी से सुनाई देने लगी है। बंगाल में बड़े पैमाने पर घोटाले और सरकार प्रायोजित भ्रष्टाचार की शिकायतें आम हो गई है। कई मंत्री और नेता जेलों में बंद है। पिछले लोकसभा, विधानसभा और पंचायत चुनाव में हिंसा का रौद्र रूप देखा गया जिसमें चुनाव के ऐलान के साथ ही लाशों का गिरना और गिनना दोनों ही शुरू हो गया था, जो चुनाव के बाद तक जारी रहा। आज भी लगभग वही स्थिति है। ईडी ने दो दिन पूर्व राशन घोटाले के आरोपियों के घरों पर छापेमारी की तो कुछ लोगों ने अधिकारियों पर जान लेवा हमला कर उन्हें बुरी तरह घायल कर दिया। केंद्रीय जाँच एजेंसियों के साथ बंगाल सरकार का व्यवहार जग जाहिर है। भाजपा ने सरकार प्रायोजित हिंसा का आरोप लगाते हुए प्रदेश में राष्ट्रपति शासन की मांग कर डाली। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए साफ़ तौर पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार को जिम्मेदार बताते हुए कहा अधिकारियों की हत्या हो जाये तो भी उन्हें आश्चर्य नहीं होगा। इससे यह स्पष्ट है कि बंगाल में आगामी लोकसभा चुनाव में हिंसा और मारधाड़ से इंकार नहीं किया सकता। बंगाल के विपक्षी दलों में भारी वैचारिक मतभेद और मनभेद के बावजूद इस बात पर समानता और एक राय है की ममता सरकार विपक्ष को कुचलने के लिए कुछ भी कर सकती है। राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन में शामिल होने के बावजूद प्रदेश में कांग्रेस और वामपंथी पार्टियां ममता पर हिंसा फैलाकर चुनाव जीतने का आरोप लगाने से नहीं चूक रही है। प्रदेश में कांग्रेस और वामपंथी पार्टिया अलग अलग चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकी है।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने माकपा, कांग्रेस और भाजपा पर पश्चिम बंगाल में मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा तीनों गठबंधन बनाकर हमारे खिलाफ प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने साफतौर पर कह दिया बंगाल में भाजपा के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस लड़ेगी, क्योंकि वही भाजपा को सबक सीखा सकती है। ममता बनर्जी के बयान से गठबंधन को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। राजनीतिक समीक्षकों का कहना है ममता दो तीन सीटें कांग्रेस को देने को तैयार है मगर माकपा से समझोते के मूढ़ में नहीं है।

माकपा भी ममता से दो दो हाथ करने को तैयार है। वहीं भाजपा की चुनावी कमान गृह मंत्री अमित शाह ने संभाल ली है। भाजपा ने बंगाल में इस बार 35 सीट जीतने का लक्ष्य रखा है। इस लिहाज से इस पर काम भी शुरू हो गया है। भाजपा ने जीत के लिए रणनीति बनानी शुरू कर दी है। प. बंगाल में लोकसभा की 42 सीटें है। इनमें से पिछले लोकसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने 22, भजपा ने 18 और कांग्रेस ने 2 सीटें हासिल की थी।

ममता लगातार मोदी पर हमला करने वाली नेत्री के रूप में प्रसिद्ध है। ममता ने प्रधान मंत्री मोदी की सबसे बड़ी आलोचक के रूप में अपनी छवि बनाई है। वे लगभग हर मामले में मोदी की आलोचना से नहीं चूकती। गौरतलब है बंगाल की कुल 42 लोकसभा सीटों में से 18 पर भाजपा का कब्ज़ा है। अगले चुनाव में भाजपा इन सीटों में बढ़ोतरी का प्रयास कर रही है वहीं ममता की पार्टी भाजपा से इन सीटों को छीनने के लिए हर संभव प्रयास में जुटी है। गौरतलब है बंगाल रक्तरंजित चुनावों के लिए कुख्यात है। पिछले साल जुलाई में हुए पंचायत चुनाव की शुरुआत से लेकर खत्म होने के बाद तक कम से कम 50 से अधिक राजनीतिक कार्यकर्ताओं की हत्या हुई। चुनावी हिंसा में सैंकड़ों लोग घायल हुए। भाजपा ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर हिंसा फैलाने का आरोप लगाया। कांग्रेस और माकपा ने भी भाजपा के सुर में सुर मिलाकर तृणमूल पर आरोप लगाए। पश्चिम बंगाल में 34 साल तक एक छत्र शासन करने वाले कम्युनिष्टों को सत्ताच्युत कर ममता की टीएमसी 2011 से पश्चिम बंगाल में सत्ता में है। इससे पूर्व 1977 से 2011 तक पहले दिग्गज नेता ज्योति बसु और फिर बुद्धदेब भट्टाचार्य ने राज सत्ता की कमान संभाली थी। 2011 के चुनाव में ममता ने कम्युनिष्टों का शासन ऐसा उखाड़ा की आज उनका नाम लेवा भी वहां नहीं बचा है।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# भाजपा और आरएसएस पर बयानबाजी में विपक्ष 'राम' के भी खिलाफ : शाहनवाज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बलिया (उप्र)/भाषा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि राम मंदिर को लेकर मुसलमानों की तरफ से तो कोई नकारात्मक बयान नहीं आया लेकिन विपक्षी दल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भाजपा के खिलाफ बयानबाजी करते-करते 'राम जी' के भी खिलाफ हो गए।

बलिया जिले के सिकंदरपुर में शनिवार देर रात भाजपा जिलाध्यक्ष संजय यादव के निवास पर शाहनवाज हुसैन ने संवाददाताओं से कहा, राम मंदिर के निर्माण से पूर्वांचल की पूरी तस्वीर बदल जाएगी। विकास से तस्वीर और तकदीर दोनों बदलेगी। उन्होंने कहा, जब 22 जनवरी को मंदिर का उद्घाटन होगा, उसके बाद देश-विदेश के लोग आते रहेंगे, तब भी भीड़ कम नहीं होगी। इतना अद्भुत मंदिर बन रहा है, जिसको देखने के लिए भी लोग आएंगे, दर्शन करने तो आएंगे ही।

हुसैन ने कहा कि राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मुस्लिम पक्ष की तरफ से कोई बयानबाजी नही हो रही है। सारी बयानबाजी कांग्रेस, राष्ट्रीय जनत दल (राजद) और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन की तरफ से हो रही है।

हुसैन ने दावा किया कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पूरी तरह बिखरने वाला है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर को लेकर विपक्षी दलों के साथ दुश्वारी ये है कि वे उगले या निगले, उनको समझ में नहीं आता है।

हुसैन ने कहा कि आरएसएस और भाजपा पर बयानबाजी करते-करते विपक्षी दल 'राम' के भी खिलाफ हो गए हैं। अगर वो राम के खिलाफ हो गए हैं तो सबको पता है कि किसके पक्ष में चले गए हैं। उन्होंने कहा कि इस बार के चुनाव में उनको जवाब देश की जनता देगी। भाजपा नेता ने बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के उस बयान पर भी टिप्पणी कि, जिसमें यादव ने कहा था कि बीमार होंगे तो मंदिर जाएंगे या अस्पताल।

हुसैन ने कहा कि सब आदमी अस्पताल ही जाते हैं। उन्होंने कहा, लालू भी हॉस्पिटल ही गए थे। तेजस्वी को लालू जी से सीखना चाहिए। कोई भी बीमार होगा तो अस्पताल ही जाता है, लेकिन हॉस्पिटल का अलग स्थान है और मंदिर का अलग।

# अधोक्षजानंद देव तीर्थ ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर टिप्पणी को लेकर स्वामी निश्च्छलानंद पर किया हमला

मथुरा (उप्र)/भाषा। अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा पर सवाल उठाने वाले पुरी पीठ के शंकराचार्य स्वामी निश्च्छलानंद सरस्वती पर संत अधोक्षजानंद देव तीर्थ ने रविवार को कटाक्ष करते हुए उनसे बिना शर्त माफी की मांग की। तीर्थ ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, निश्च्छलानंद ने अपने गंदे बयानों से वस्तुत: उन 140 करोड़ लोगों का अपमान किया है, जिन्होंने नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में चुना है। प्रधानमंत्री अब दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेताओं में से एक हैं। देश के प्रमुख हिंदू संतों में से एक, पुरी स्थित गोवर्द्धन पीठ के शंकराचार्य ने हाल में घोषणा की थी कि वह 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के गर्भगृह में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के लिए नहीं जाएंगे। निश्चलानंद ने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न करेंगे और वह 'सिर्फ ताली बजाने के लिए' समारोह में शामिल नहीं होंगे। तीर्थ ने कहा, ऐसा लगता है कि अहंकार के वशीभूत वह (निश्च्छलानंद ) भक्ति शास्त्र की मूलभूत नैतिकता को भूल गए हैं, जो कहती है कि भक्ति में एक व्यक्ति न केवल ताली बजाएगा, बल्कि नृत्य भी करेगा। उन्होंने मांग की शंकराचार्य को अपने बयान के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। तीर्थ ने कहा कि इतिहास कहता है कि अधिकांश प्राचीन मंदिरों का निर्माण राजाओं द्वारा किया गया है, जिन्हें लोगों का प्रतिनिधि माना जाता है तथा इन मंदिरों के प्राण प्रतिष्ठा समारोह भी राजाओं द्वारा संपन्न कराए गए थे। उन्होंने कहा कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के मामले में प्रधानमंत्री जनता का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और इसलिए यह उचित है कि वह नए मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा करें। अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को राम मंदिर के लिए प्राण प्रतिष्ठा का भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा जिसमें देश भर के प्रमुख संतों और जानी-मानी हस्तियों को आमंत्रित किया गया है।

**महोत्सव**



हैदराबाद में रविवार को 'जीईएम-24' -गुजराती एकता महोत्सव के शुभारंभ पर 'गुजराती गौरव यात्रा' के दौरान प्रवासी गुजराती।

# गाजा युद्ध को फैलने से रोकने के लिए जॉर्डन के राजा से मिले अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अम्मान। इजराइल-हमास युद्ध के प्रसार को रोकने के प्रयासों के तहत अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने रविवार को जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय और विदेश मंत्री अयमान सफादी से मुलाकात की तथा अम्मान में विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के गोदाम का दौरा किया। तीन महीने में क्षेत्र की अपनी चौथी यात्रा में ब्लिंकन ने संघर्ष के बाद के भविष्य के लिए विस्तृत योजनाएं तैयार करने के महत्व को रेखांकित किया। इसके साथ ही, उन्होंने हताहतों की संख्या को कम करने और गाजा तक मानवीय मदद की मात्रा को बढ़ाने के लिए इजराइल को अपने सैन्य अभियानों को सटीक ढंग से लागू करने की आवश्यकता पर बल दिया। जॉर्डन और अन्य अरब देश इजराइल की जवाबी कार्रवाइयों की आलोचना करते रहे हैं और दीर्घकालिक योजना के लिए सार्वजनिक समर्थन से बचते रहे हैं। उनका तर्क है कि ऐसी चर्चा शुरू होने से पहले गाजा में लड़ाई समाप्त होनी चाहिए। वे अक्टूबर के मध्य से तत्काल युद्ध विराम की मांग कर रहे हैं क्योंकि हताहतों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। वहीं इजराइल ने युद्ध अभियान रोकने से इनकार कर दिया है।

ब्लिंकन ने जॉर्डन की राजधानी में डब्ल्यूएफपी के क्षेत्रीय समन्वय गोदाम का भी दौरा किया, जहां राफा और केरेम शालोम दोनों मार्ग से गाजा तक सहायता पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने गाजा में सहायता पहुंचाने के लिए डब्ल्यूएफपी और संयुक्त राष्ट्र की अन्य एजेंसियों के साथ-साथ जॉर्डन सरकार के काम की सराहना की। अमेरिका कई हफ्तों से इजराइल पर गाजा में अधिक मात्रा में भोजन, पानी, ईंधन, दवा और अन्य आपूर्ति करने के लिए दबाव डाल रहा है तथा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने 22 दिसंबर को एक प्रस्ताव पारित कर आपूर्ति में तत्काल वृद्धि का आह्वान किया। तीन हफ्ते पहले, इजराइल ने राफा के बाद गाजा में सहायता पहुंचाए जाने के लिए दूसरा प्रवेश बिंदु केरेम शालोम खोला।

ब्लिंकन रविवार को कतर और संयुक्त अरब अमीरात तथा सोमवार को सऊदी अरब की यात्रा करेंगे। मिस्र में यात्रा समाप्त करने से पहले वह मंगलवार और बुधवार को इजराइल और वेस्ट बैंक का दौरा करेंगे। ब्लिंकन ने शनिवार को यूनान में कहा, ये आसान बातचीत नहीं होने वाली है। अलग-अलग दृष्टिकोण, अलग-अलग जरूरतें, अलग-अलग आवश्यकताएं हैं, लेकिन यह महत्वपूर्ण है कि हम गाजा के लिए, इजराइलियों और फलस्तीनियों तथा समग्र रूप से क्षेत्र के भविष्य के लिए इस कूटनीति में शामिल हों।

**जुलूस**



कोलकाता में सिख समुदाय के लोग रविवार को कोलकाता में श्री गुरु गोबिंद सिंह की 357वीं जयंती मनाने के लिए एक जुलूस में भाग लेते हुए।

# रूपाली गांगुली ने वैष्णो देवी मंदिर के किए दर्शन


मुंबई/एजेन्सी



'साराभाई वर्सेस साराभाई', 'अनुपमा' और अन्य फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए मशहूर एक्ट्रेस रूपाली गांगुली ने जम्मू के कटरा में वैष्णो देवी मंदिर के दर्शन कर नए साल की आध्यात्मिक शुरुआत की। रूपाली ने इंस्टाग्राम पर मंदिर से कुछ तस्वीरें शेयर की। तस्वीरों की सीरीज में 46 वर्षीय एक्ट्रेस को रेड कलर के सलवार-सूट और ग्रीन कलर की जैकेट में देखा जा सकता है। उन्होंने चूड़ियों और बिंदी के साथ लुक को पूरा किया। वह मंदिर परिसर में पोज दे रही हैं। तस्वीरों को कैप्शन दिया गया था: जय माता दी, आप सभी को शानदार 2024 की शुभकामनाएं। उन्होंने अपनी पोस्ट में 'ऐगिरी नंदिनी' का गाना ऐड किया। रूपाली इन दिनों शो 'अनुपमा' में लीड रोल में नजर आ रही हैं। यह शो बंगाली सीरीज 'श्रीमोयी' पर आधारित है। इसमें सुधांशु पांडे, मदालसा शर्मा और गौरव खन्ना लीड रोल में हैं। यह स्टार प्लस पर प्रसारित होता है।

# अक्षरा सिंह का 'भजन राम सबके हैं' रिलीज

मुंबई/वार्ता



भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार अक्षरा सिंह का भजन राम सबके हैं रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह ने अयोध्यापति श्री राम को लेकर एक भक्तिमय भजन राम सबके हैं गाया है, जो अयोध्या में बने दिव्य राम मंदिर के शुभारंभ के पहले रिलीज कर दिया गया है। अक्षरा सिंह का यह गाना उनके ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है.अक्षरा सिंह ने अपने इस गाने के जरिए बताया है कि भगवान राम सभी के हैं। राम मंदिर उद्घाटन से अक्षरा ने यह गीत राम भक्तों को समर्पित किया है और उन्होंने इस गाने में भगवान राम की अलौकिक महिमा का बखान अपने संगीत के जरिए किया है।

अक्षरा सिंह ने इस गाने के बारे में इंस्टाग्राम पर भी पोस्ट किया हैं और लिखा है कि हाथ में मुक्ति नयन गंगाजल, चरण में चारों धाम, प्रभु श्रीराम सबके हैं। उन्होंने एक दूसरे पोस्ट में लिखा है कि भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के पवन अवसर पर हम न सिर्फ एक भजन ला रहे हैं बल्कि करोड़ों भारत वर्ष के लोगों की भावना को लेकर आ रहे हैं। उम्मीद है यह सबों को पसंद आयेगा। अक्षरा सिंह ने कहा कि भगवान श्री राम मर्यादा पुरुषोत्तम है और उनकी आस्था करोड़ों लोगों में है और उनके आगमन के हर्ष से पूरा भारतवर्ष पुलकित है। ऐसे में मेरा यह गीत उनके चरणों में समर्पित है। अक्षरा ने राम भक्तों से आग्रह किया कि वह उनकी इस भजन को खूब सुने और इसकी गूंज पूरे देश के कोने-कोने में पहुंचाएं। राम सबके हैं भजन को अक्षरा सिंह ने आवाज दी है। गाने में अविनाश झा घुंघरू की भी आवाज सुनाई दे रही हैं।।इसके गीतकार मनोज मतलबी हैं। संगीत निर्देशक अविनाश झा घुंघरू हैं। डीओपी दीपक सिंह हैं।

# अनेक ब्रिटिश भारतीयों को प्रभावित करने वाले डाकघर घोटाले को लेकर कार्रवाई का संकल्प लिया सुनक ने

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



लंदन/भाषा। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने रविवार को कहा कि सरकार एक लेखांकन घोटाले में मुआवजे की प्रक्रिया की समीक्षा कर रही है जिसमें सैकड़ों उप-डाकपालों पर धोखाधड़ी का गलत आरोप लगाया गया जिनमें से कई भारतीय मूल के हैं।

सुनक से बीबीसी के साथ एक साक्षात्कार में 1990 के दशक में 'हॉरिजोन' नाम की त्रुटिपूर्ण आईटी प्रणाली से जुड़े ऐतिहासिक घोटाले के बारे में पूछा गया और उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि उनके न्याय मंत्री देख रहे हैं कि गलत तरह से दोषसिद्धियों को पलटने और मुआवजा देने की प्रक्रिया को तेज कैसे किया जा सकता है।

'पोस्ट ऑफिस लिमिटेड' का औपचारिक स्वामित्व रखने वाली सरकार ने प्रभावित हुए कई उप डाकपालों को लाखों पाउंड का भुगतान किया है लेकिन कई अब भी सालों से इसका इंतजार कर रहे हैं। सुनक ने कहा, जाहिर तौर पर ऐसा 90 के दशक में हुआ था, लेकिन वास्तव में इसे देखना और इसके बारे में दोबारा सुनना यह दिखाता है कि यह न्याय का कितना भयावह पतन है और यह महत्वपूर्ण है कि अब उन लोगों को वह न्याय मिले जिसके वे हकदार हैं, और इसी को लेकर मुआवजे की योजनाएं हैं।

# मेघना गुलजार की फिल्म में नजर आ सकते है सिद्धार्थ मल्होत्रा

मुंबई/वार्ता

बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा निर्देशक मेघना गुलजार की फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। सिद्धार्थ मल्होत्रा की वेबसीरीज इंडियन पुलिस फोर्स 19 जनवरी को रिलीज होगी। इसके 15 मार्च को फिल्म योद्धा प्रदर्शित होगी। बताया जा रहा है कि सिद्धार्थ, मेघना गुलजार और मलयालम फिल्मों के निर्देशक जीतू जोसेफ की फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं।इन दोनों ही फिल्मों की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है, इनकी शूटिंग अगले साल शुरू करने की योजना है।

मेघना गुलजार के निर्देशन में बनने वाली फिल्म एक भयावह सच्ची घटना पर आधारित है। वही जीतू जोसेफ के निर्देशन में बनने वाली फिल्म प्रवर्तन निदे शालय के एक बहादुर और तेज तर्रार अधिकारी के इर्द-गिर्द घूमती है।



# 'एनिमल' से कुछ लोगों को दिक्कत हो सकती है, लेकिन दर्शकों ने फिल्म को पसंद किया : रणबीर कपूर

मुंबई/भाषा

अभिनेता रणबीर कपूर ने कहा है कि उनकी फिल्म 'एनिमल' से कुछ लोगों को दिक्कत हो सकती है, मगर इसे बॉक्स ऑफिस पर मिली कामयाबी साबित करती है कि लोगों ने फिल्म को पसंद किया है। 'एनिमल' को दर्शकों और आलोचकों के एक वर्ग ने स्त्रीद्वेषी और हिंसक बताया था, इसके बावजूद यह 2023 में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में शामिल है। संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित फिल्म एक दिसंबर को रिलीज हुई थी और इसने दुनियाभर में 900 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की। फिल्म के कामयाब होने के मद्देनजर शनिवार रात को एक पार्टी रखी गई थी जहां कपूर ने उन्हें फिल्म का हिस्सा बनाने के लिए निर्देशक का आभार जताया। अभिनेता ने कार्यक्रम में कहा, फिल्म 'एनिमल' की कामयाबी के जश्न के मौके पर आज यहां आने के लिए आप सबका शुक्रिया। फिल्म से लोगों के एक वर्ग को दिक्कत हो सकती है, लेकिन मेरा मानना है कि जिस तरह का प्यार, सफलता और कमाई इसने हासिल की है, वे यह साबित करती है फिल्म के प्रति प्रेम से बढ़कर कुछ भी नहीं है।

पार्टी में रेड्डी वांगा और 'एनिमल' के अन्य अभिनेता अनिल कपूर, बॉबी देओल, रश्मिका मंदाना, तृप्ति डिमरी, प्रेम चोपड़ा, सुरेश ओबेरॉय, सौरभ सचदेवा और सिद्धांत कार्निक ने भी शिरकत की। निर्देशक ने इस फिल्म में योगदान के लिए कलाकारों और अन्य जुड़े लोगों का आभार जताया। रेड्डा वांगा ने कहा, हर चरित्र बहुत खास था और उसने बेहतरीन काम किया। यह सबकी कड़ी मेहनत से मुमकिन हो सका। निर्माता, गीतकार, संगीतकारों का शुक्रिया। आप सबका शुक्रिया। अनिल कपूर ने मुख्य किरदार निभाने वाली अभिनेत्री मंदाना को फिल्म का भाग्यशाली शख्सियत बताया। रणबीर की पत्नी एवं अभिनेत्री आलिया भट्ट, मां-अभिनेत्री नीतू सिंह, फिल्म निर्माता महेश भट्ट, अभिनेता विवेक ओबेरॉय, राधिका मदान और फिल्म निर्माता अनीस बज़्मी और फराह खान भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।





# कियारा आडवाणी ने शेयर किया वेबसीरीज इंडियन पुलिस फोर्स का ट्रेलर

मुंबई/वार्ता

बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी को अपने पति सिद्धार्थ मल्होत्रा की वेबसीरीज का ट्रेलर पसंद आया है और उन्होंने सोशल मीडिया पर ट्रेलर को शेयर किया है। फिल्मकार रोहित शेट्टी की आने वाली वेबसीरीज इंडियन पुलिस फोर्स का ट्रेलर रिलीज हो गया है।वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, सिद्धार्थ मल्होत्रा और विवेक ऑबराय नजर आने वाले हैं।

कियारा आडवाणी इंडियन पुलिस फोर्स के इस ट्रेलर से इंप्रेस हुई हैं। कियारा ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर स्टोरी में इंडियन पुलिस फोर्स का ट्रेलर शेयर किया है, साथ ही उन्होंने पति सिद्धार्थ के लिए 'दिल्ली का लौंडा' लिखा है। इंडियन पुलिस फोर्स में सिद्धार्थ मल्होत्रा दिल्ली पुलिस के ऑफिसर का रोल अदा कर रहे हैं। 'इंडियन पुलिस फोर्स' 19 जनवरी को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

# एनटीआर जूनियर की फिल्म 'देवरा: पार्ट 1' का ऑडियो टी-सीरीज़ पर आएगा

मुंबई/वार्ता

मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर की आने वाली फिल्म 'देवरा: भाग 1' का ऑडियो टी-सीरीज़ पर आएगा। भूषण कुमार की कंपनी टी-सीरीज़ ने फिल्म 'देवरा: भाग 1'के संगीत अधिकार हासिल कर लिए हैं। कोराताला शिव द्वारा निर्देशित और युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित, यह फिल्म नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत की गई है। अनिरुद्ध रविचंदर ने इस फिल्म का संगीत तैयार किया है। सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा करते हुए, 'देवरा: पार्ट 1' के निर्माताओं ने लिखा, टीसीरीजइस लहर में शामिल हो गया है! 'देवरा: पार्ट 1' में सह-कलाकार सैफ अली खान और जान्हवी कपूर हैं। यह फिल्म 05 अप्रैल, 2024 को रिलीज होगी।

www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
बेंगलूरु | सोमवार | 08-01-2024 /dakshinbharat /dakshinbharat DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT HINDI DAILY
RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

दि फेडरेशन ऑफ़ इंडियन ग्रेनाइट एंड स्टोन इंडस्ट्रीज (फिक्सी) की साधारण सभा व चुनाव रविवार को एक होटल में संपन्न हुए। जिसमें सर्व समिति से नए वर्ष के पदाधिकारी का चयन किया गया।

## सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



राजस्थान से मैसूर पधारे अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि, राजस्थानी फ़िल्मों के संगीतकार एवं परोडीकार कैलाश मंडेला एवं कवि दिनेश बंटी का सम्मान करते हुए 'जीतो' मैसूर चैप्टर के चेयरमैन कांतिलाल चौहान, मुख्य सचिव गौतम सालेचा। 'जीतो' सदस्यों ने कवियों को जीतो मैसूर द्वारा किये जा रहे सामाजिक हित के कार्यों की जानकारी दी। कैलाश मंडेला ने 'जीतो' मैसूरु के कार्यों की सराहना की एवं उनके कार्यों एवं सिद्धान्तों को अपनी कविताओं के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने का वादा किया।

## चातुर्मास जयनगर में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



रविवार को आचार्यश्री महासेनसूरीश्वरजी म. सा. का आगामी चातुर्मास श्री राजस्थान जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ जयनगर में कराने के लिए जय बुलाई गई। जय के साथ ही समस्त संघ में हर्ष और उल्लास का माहौल छा गया। विनती करने के लिए चन्द्रकुमार संघवी, भूरमल गांधी, मोहनलालजी भण्डारी, इन्दरचंद भण्डारी, उत्तम कर्णावट, चम्पालाल मल्लेछा, ओकचंद बोहरा, भंवरलाल जैन, खेमचंद राठौड़, शान्तिलाल भण्डारी, रनजीतमल आदि उपस्थित थे।



# देवदर्शन यात्रा के लिए जत्था रवाना

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी माहेश्वरी सभा के 64 समाज बंधुओं का एक जत्था सभा के अध्यक्ष नवल किशोर मालु के नेतृत्व में तथा सहकोषाधयक्ष विनीत बियानी कार्यकारणी सदस्य संजय साबु, अशोक भुतड़ा के साथ सात दिवसीय देवदर्शन के लिए वायुमार्ग से रवाना हुआ। इस देवदर्शन यात्रा में कलकत्ता, गंगासागर, बैधनाथधाम, जगन्नाथ पुरी, बैतरणी एवं भुवनेश्वर के दर्शनीय स्थलों का बस तथा रेलमार्ग से अवलोकन कर 13 जनवरी को वायुमार्ग से वापस आयेगा।

माहेश्वरी सभा विगत 18 वर्षो से नये साल के प्रारंभ में इस देवदर्शन का आयोजन करती आ रही है। यह जानकारी सचिव अजय राठी ने दी।



# सीरवी समाज महालक्ष्मी लेआउट ट्रस्ट की नवीन कार्यकारिणी का गठन

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । यहां महालक्ष्मी लेआउट के सीरवी समाज वडेण की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। सभा का शुभारंभ भवन में आईमाता तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम में सीरवी समाज महालक्ष्मी लेआउट वडेर के सभी नवगठित पदाधिकारियों व सदस्यों की उपस्थिति में नवी कार्यकारिणी का गठन हुआ। जिसमें अध्यक्ष प्रतापराम गहलोत, सचिव जगदीश राठौड़, कोषाध्यक्ष पुकाराम गहलोत, खेल मंत्री बाबूलाल पंवार, उपाध्यक्ष ढगलाराम सोलंकी, शेषाराम गहलोत सहकोषाध्यक्ष रतनलाल परिहार, सहसचिव रामलाल चोयल एवं कार्यकारिणी सदस्य थानाराम, मिश्रीलाल चोयल, लक्ष्मणराम गहलोत, मानाराम परिहार, मालाराम गहलोत, प्रकाश राठौड़, रतनलाल आगलेचा तिलोकराम परिहार, स्वरूप राठौड़ एवं नवयुग मंडल के अध्यक्ष हरीश चोयल, गैर मंडल के अध्यक्ष पूर्णराम गहलोत को चुना गया। संस्था के प्रतापराम गहलोत ने शुभकामनाएं दी। बलेपेट बडेर के पूर्व सचिव नारायणलाल लचेटा ने कहा आशा व्यक्त की कि नई कार्यकारिणी समाज कल्याण में कार्य करेंगी। शिक्षा, संस्कार एवं संगठन के लिए आप जरूर कर्तव्य से अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। जिनको भी पद मिला है आप उन पद की गरिमा बनाए रखेंगे एवं सबका साथ सबका विकास के मंत्र से आप समाज का विकास जरूर करेंगे।



आचार्यश्री महेन्द्रसागरजी को काम्बली ओढाते हुए ट्रस्टीगण एवं अतिथि।



अतिथि कुमारपाल सिसोदिया का सम्मान करते हुए।

# एक मात्र तीर्थंकर पुरुषादानीय कहलाए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हासन। दक्षिण नाकोडा तीर्थ श्री संकट मोचन पार्श्व भैरव धाम अरसीकेरे में पोष दशम को पुरुषादानीय परमात्म पार्श्वनाथ प्रभु के जन्म कल्याणक प्रसंगे पार्श्व भैरव महापूजन के साथ जन्म वांचन का आयोजन धूमधाम से किया गया। तीर्थ में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। निश्रादाता आचार्यश्री महेन्द्रसागरजी म. सा. के साथ विधिकार तुषार गुरुजी ने चौदह सपने का आयोजन किया।

बेंगलूरु के दक्षिण नाकोडा पार्श्व भैरव सेवा मंडल के साथ 'जैन दोस्ती फेडरेशन' के सदस्या 20 बसों द्वारा संघ में यहां पहुंचे। इसके अलावा मैसूरु, चेन्नई, हैदराबाद, मुम्बई, शिव्वमोग्गा, हासन, टिपटूर, तुमकुरु, दावणगेरे आदि स्थानों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

संध्या भक्ति में मुम्बई के संगीतकार भरत ओसवाल के साथ दिलखुश बाफणा ने भक्ति कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। संगीतमय भक्ति कार्यक्रम में सभी भक्त झूम उठे। इस मौके वरिष्ठ अतिथि के रूप में गोड़वाड भवन के सचिव समाजसेवी कुमार पाल सिसोदिया, होलसेल क्लॉथ मर्चेन्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रकाशचंद पिरगल, हेब्बाल वासुपूज्य जैन संघ के अध्यक्ष भेरूमल कटारिया, हासन संघ के प्रवीण कुमार परमार का सम्मान किया गया। भक्ति के पश्चात् 1008 दीपों से आरती ने सभी का मन मोह लिया। समापन में ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक कुमार सुराणा ने ट्रस्टियों के साथ आचार्यश्री को कांबळी प्रदान कर सभी लाभार्थियों का सम्मान किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के सचिव मांगीलाल मेहता, मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ विजय कुमार सुराना, दानमल नाहर, पारसमल मुथा, रमेश कटारिया, विनोद मुणोत के साथ श्रीपाल गांधी, उदय सिंघवी, विजयराज विनायकिया, जीवराज जीरावला, जयंतीलाल बोहरा सहित अनेक भक्त उपस्थित हुए।

# केजीएफ में भगवान पार्श्वनाथ जन्म कल्याणक का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

केजीएफ। कर्नाटक के कोलार जिले के केजीएफ में आचार्यश्री महाश्रमण जी के शिष्य मुनिश्री दीपकुमारजी के सान्निध्य में जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव का आयोजन जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा के तत्वावधान में तेरापंथ भवन में किया गया।

इस मौके पर मुनिश्री दीप कुमार जी ने कहा कि तीर्थंकर जैन धर्म के मुख्य धुरी होते हैं। 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ ऐतिहासिक पुरुष थे। उनका तीर्थ प्रवर्तन भगवान महावीर से 250 वर्ष पहले हुआ। अहिंसा और सत्य की साधना को समाजव्यापी बनाने का श्रेय भगवान पार्श्वनाथ को है। भगवान पार्श्वनाथ अहिंसक परंपरा के उन्नयन द्वारा बहुत लोकप्रिय हुए। इसकी जानकारी हमें उनके लिए प्रयुक्त पुरुषादाणीय विशेषण के द्वारा मिलती है। आज के दिन



भगवान का वाराणसी में राजा अश्वसेन के महलों में महारानी वामादेवी की कुक्षि से जन्म हुआ। भगवान ने दीक्षा ग्रहण की साधना की उपसर्गों को सहा और भगवत्ता को प्राप्त किया। तीर्थंकर बन कर उन्होंने चातुर्याम धर्म का प्रवर्तन किया।

मुनि श्री ने आगे कहा- भगवान पार्श्व का प्रभाव सुदूर देशों में भी गहरा फैला हुआ था। बड़े-बड़े राजा उनके शिष्य बने। मंत्र शास्त्र में भी भगवान पार्श्व की स्तुति में विपुल मात्रा में मंत्र और स्तोत्र प्राप्त होते हैं। मुनिश्री ने आचार्य तुलसी द्वारा निर्मित गीत का भी संगान किया। मुनिश्री काव्य कुमारजी ने भगवान पार्श्वनाथ की स्तुति में गीत का संगान किया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## तीर्थ यात्रा

मैसूरु के सुमतिनाथ संघ की सबसे पुराने मंडल श्री सुमतिनाथ जैन महिला मंडल ने अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण किए। मंडल की 20 सदस्याएं आठ दिवसीय आन्ध्रप्रदेश की तीर्थ पूजा यात्रा कर रहे है। रविवार को सदस्यों की यात्रा कुलपाकजी तीर्थ पर दर्शन के बाद हैदराबाद रवाना होगी। मंडल की अध्यक्ष बीना राठौर, महामंत्री ललिता चौहान के नेतृत्व में चल रही यात्रा बुधवार को वापस मैसूरु पहुंचेगी।



# कृष्णाप्रसाद बने फिक्सी के नए अध्यक्ष एवं मनोजकुमार बने महामंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूर। दि फेडरेशन ऑफ़ इंडियन ग्रेनाइट एंड स्टोन इंडस्ट्रीज (फिक्सी) की साधारण सभा व चुनाव रविवार को एक होटल में संपन्न हुए। जिसमें सर्व समिति से नए वर्ष के पदाधिकारी का चयन किया गया। वर्ष 2024-26 के लिए एस कृष्णाप्रसाद को अध्यक्ष, मनोजकुमार सिंह को महामंत्री तथा प्रमोद भंडारी को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा एन. अशोकेन, कलित भंडारी, गुरुशास्त्री मठ, सुंदर सोमानी, अरुण मल्होत्रा एवं डॉ एचएस यादव को उपाध्यक्ष बनाया गया है। एस. शंकरनारायण को सहकोषाध्यक्ष तथा लक्ष्मीकांत जैन, संजीव मोदी, मनीष पोद्दार, सीएच जमील अहमद, पंकज वर्मा, अजीत जॉय, जाकी चक्कीवाला, कैलाशसिंह मेरतीया को सहमंत्री बनाया गया।

ज्ञातव्य है कि फिक्सी संस्थान प्राकृतिक पत्थर एवं ग्रेनाइट के उद्योग विकास में कार्यरत है। संस्थान प्रति 2 वर्ष में स्टोना नामक प्रदर्शनी का भी आयोजन करता है।

## वार्षिक क्रीड़ा उत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु में नंदिनी लेआउट स्थित आचार्यश्री महाप्रज्ञ उच्च प्राथमिक विद्यालय द्वारा यहां वीर रानी कित्तूर चेन्नम्मा खेल मैदान में वार्षिक क्रीड़ा उत्सव का आयोजन किया गया। विद्यालय के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यअतिथि गौसेवक महेन्द्र मुणोत ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। विद्यालय के प्रमुख डॉ. मनोहर भारतीय, कृष्णमूर्ति, श्रीनिवास, प्राचार्य पार्वती एवं अन्य शिक्षकों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजकों ने महेन्द्र मुणोत का सम्मान किया।



# जैन स्तवन पर प्रतियोगिता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु के चिकपेट में श्री आदिनाथ जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक संघ द्वारा संचालित श्री विजय लब्धि सूरी जैन धार्मिक पाठशाला द्वारा रविवार को पाठशाला के प्रांगण में अभ्यासकों द्वारा जैन स्तवन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

सुरीली व मधुर आवाज में परमात्माओं के स्तवन में खूब भक्तिपूर्ण आराधना की गई। पाठशाला एवं वाचनालय कमेटी द्वारा अभ्यासकों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार राशि से सम्मानित किया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को भी प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

पाठशाला एवं वाचनालय कमेटी, गुरु प्रवीन भाई एवं जसवंत भाई द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। प्रतियोगिता का संचालन वसंतभाई वैदमूथा ने किया।



# वर्धमान स्थानकवासी जैन संघ ट्रस्ट की साधारण सभा सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां विजयनगर स्थित वर्धमान स्थानकवासी जैन संघ ट्रस्ट की साधारण सभा का शुभारंभ रविवार को सुबह सामूहिक मंगलाचरण से हुआ। बैठक में कई विषयों पर विचार विमर्श किया गया। आगामी वर्ष 2024 के चातुर्मास हेतु संभावित संत सतियों से विनती करने के लिए चातुर्मास खुलवाने के लिए निर्णय लिया गया। ट्रस्ट के आगामी वर्ष 2024-25 हेतु नई कार्यकारिणी के लिए 28 जनवरी को ट्रस्ट के नियमानुसार अध्यक्ष के चुनाव कराने हेतु सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इस हेतु नेमीचन्द दलाल राजाजीनगर को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया।

संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार कोठारी ने सभी का अभिवादन किया और तन मन एवं धन से अर्पित सहयोग हेतु धन्यवाद दिया। मंत्री कन्हैयालाल सुराणा ने ट्रस्ट की गतिविधियों व आगामी कार्यक्रमों की जानकारी अपने मंत्री प्रतिवेदन में दी। कोषाध्यक्ष रतनलाल बोहरा ने दो वर्षो का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से पास किया गया। पूर्व अध्यक्ष तेजराज बांठिया, वसंतकुमार रांका, घेवरचंद कटारिया, सुरेश चंद बोहरा व पुखराज मेहता उपस्थित थे।

आज साधर्मिक सेवा हेतु एक चार सदस्यों की टीम पुखराज मेहता के नेतृत्व में लादूलाल गन्ना, वसन्तराज रांका व वर्तमान अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार कोठारी की बनायी गई। ये संघ में प्राप्त साधर्मिक फण्ड के उपयोग हेतु एक रूपरेखा तैयार करेंगे। संघ के सहमंत्री रविन्द्र कुमार जैन ने सभी के उत्कृष्ट सुझावों हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com